e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 55

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
24.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
कोई काम करने को लेकर देर तक सोच-विचार अकसर उसके बिगड़ने का कारण बनता है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### 25 लाख के इनामी दो नक्सली एनआईए के रिमांड पर

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी( एनआइए) रांची की टीम ने 15 लाख के इनामी नक्सली अमन गंझू और 10 लाख के इनामी मुनेश्वर गंझू उर्फ मुंशी को रिमांड पर लिया है। दोनों को एनआईए ने 25 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। नक्सली अमन गंझू संगठन में शामिल अन्य नक्सलियों और लुकइया मोड़ के समीप हुई घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। वह औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है। वहीं दूसरी ओर एक दूसरे नक्सली केस में मुनेश्वर गंझू से पूछताछ की जा रही है। वह लातेहार जिला के चंदवा का रहने वाला है। उससे भी घटना में शामिल साथी नक्सलियों और केस में फरार अन्य नक्सलियों के ठिकाने और घटना के संबंध में विस्तार से पूछताछ जारी है। लातेहार के चंदवा में लुकैया मोड़ पर नवंबर 2019 की रात पुलिस गश्ती दल पर हमला कर एक एएसआई और होमगार्ड के तीन जवानों की हत्या के बाद हथियार लूटकर फरारी मामले में एनआईए ने दोनों को रिमांड पर लिया है।

### स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर, बाप-बेटे की मौत, एक घायल

**गुमला :** गुमला में गुरुवार को स्कॉर्पियो वाहन और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक चार साल का बच्चा घायल है। उसे रांची रिम्स रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार गुमला के आंजन गांव हाल पता गुमला से सटे मलदम चट्टी गांव निवासी भिखराम उरांव अपने बेटे अनुज उरांव (21) और 4 वर्षीय पौत्र आयुष के साथ बाइक से तुंजो हुटार गांव एक शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। जैसे ही ये लोग गुमला पॉलिटेक्निक और बैगा वासिंग सेंटर के बीच पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो कार ने सामने से इन्हें टक्कर मार दी। इससे दोनों बाप-बेटे व पोता जमीन पर गिर पड़े। इसमें बाप-बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्कॉर्पियो का चालक मौके से फरार हो गया। इधर आसपास के ग्रामीणों ने सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों बाप-बेटे को मृत घोषित कर दिया। वहीं चार वर्षीय आयुष को रांची रिम्स रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राष्ट्रपति भवन में 25 फरवरी को चेंज ऑफ गार्ड सेरेमनी नहीं होगी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में 25 फरवरी को 'चेंज ऑफ गार्ड' सेरेमनी नहीं होगी। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को बताया कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज 25-26 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। ऐसे में 25 फरवरी को जर्मनी के चांसलर के लिए राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में सुबह 10 बजे निर्धारित गार्ड ऑफ ऑनर के कारण चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पवन खेड़ा को मिली जमानत

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को जमानत मिल गई. खेड़ा को गिरफ्तार करने के बाद असम पुलिस ने उनको द्वारका कोर्ट में पेश किया था. यहीं से उनको बेल पर छोड़ दिया गया. पुलिस खेड़ा को अपने साथ असम ले जाना चाहती थी. लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा. उनको द्वारका कोर्ट ने 30 हजार रुपये के मुचलके पर बेल दी है. पवन खेड़ा को ये जमानत सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को अंतरिम जमानत दी थी. बता दें कि खेड़ा को दिल्ली एयरपोर्ट से असम पुलिस ने गिरफ्तार किया था. उनपर पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है. इस मामले में खेड़ा के खिलाफ असम के साथ-साथ यूपी के लखनऊ और वाराणसी में भी एफआईआर दर्ज हुई थी. कोर्ट से बाहर आने के बाद पवन खेड़ा ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है. सच की जो लड़ाई है, उसमें संघर्ष करना पड़ता है. मैं लोकतंत्र को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा. अपने ऊपर हुए केस पर सवाल किए जाने पर खेड़ा ने कहा कि मैं इसपर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता.

### मुख्यमंत्री ने रामगढ़ के चितरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में की सभा

# यूपी-बिहार के लोगों ने झारखंड को लूटा : हेमंत



**रोजगार के लिए लोन महागठबंधन की सरकार ने दी**
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना, कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गई तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन योजना में तब मात्र 6300 लोग शामिल थे, आज 10,000 से अधिक लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर बांटा है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, पारा शिक्षकों को उनका अधिकार देने, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार बजरंग महतो को जिताने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। गुरुवार को रामगढ़ में उन्होंने तीसरी जनसभा चितरपुर प्रखंड में की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड के निर्माण में यहां के लोगों ने आहुति दी है। यूपी और बिहार वालों ने तो सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। जब झारखंडियों की सरकार बनी तो यूपी और बिहार वालों का रास्ता यहां बंद होने लगा। यही वजह है कि भाजपा और आजसू एक बार फिर टांग अड़ाने के लिए तैयार हो गए हैं। झारखंडियों के हित में बनने वाले कानून से भाजपा-आजसू और उसके साथी यूपी बिहार वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। लेकिन हमारे राज्य के सवा तीन करोड़ की जनता जागरूक और चालाक हो चुकी है। इसके कारण 2019 विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को उखाड़ फेंका है। इसके बाद से ही आजसू भाजपा मिलकर केंद्र सरकार के इशारे पर हमारी सरकार को गिराने का प्रयास किया। हमारे पीछे कई एजेंसियों को लगा दिया गया। लेकिन मैंने भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमारी सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक के आशीर्वाद से चल रही है। यहां कुछ भी नहीं मिलने वाला है।

**इन्होंने भी किया संबोधित:** चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, संजीव बेदिया ने भी संबोधित किया।

### आदिवासियों को ठगने वाली है झारखंड सरकार : अर्जुन मुंडा



**रामगढ :** रामगढ में भाजपा के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा अब रामगढ़ विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में लगने लगा है। गुरुवार को रामगढ़ विधानसभा के गोला, बरलांगा एवं कैंट मंडल द्वारा पन्ना प्रमुख सममेलन का आयोजन हुआ। बरलांगा मंडल के जोगिया बाबा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और गोला मंडल के कुसुमडीह के होटल में विधानसभा में विधायक दल ने नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का वोट लेकर आदिवासियों को ठगने वाला मुख्यमंत्री है हेमंत सोरेन। उन्होंने कहा की आज झारखंड में अगर कोई सबसे ज्यादा पीड़ित और ठगा गया है तो वो झारखंड के मूलवासी और आदिवासी गरीब जनता है। झारखंड की वर्तमान सरकार ने झारखंड के खनिजों का दोहन तो किया ही, साथ में उन्होंने यहां की आदिवासी जनता को ठग कर वोट लिया। आज उन्हीं की जमीन अपने सगे संबंधियों के नाम करने में लगें है।

## साइबर अपराध पर हाई कोर्ट गंभीर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** राज्य में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है. अदालत ने मामले में टेलीकॉम रेग्युलेट्री अथिरिटी ऑफ इंडिया ट्राई को प्रतिवादी बनाते हुए शपथ पत्र के माध्यम से जवाब पेश करने को कहा है. साथ ही ईडी को भी जवाब पेश करने को कहा है. ईडी को अपने जवाब में यह बताने को कहा है कि अब तक साइबर अपराध के मामले में कितने को गिरफ्तार किया गया है? कितने साइबर अपराधी की संपत्ति जब्त की गई है. इस पर विस्तृत बिंदुवार और अद्यतन जवाब पेश करने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी. झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में याचिकाकर्ता मनोज राय की बढ़ते साइबर क्राइम को रोकने की मांग को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार 23 फरवरी को सुनवाई हुई. मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत ट्राई को और ईडी को विस्तृत जवाब पेश करने को कहा है. याचिकाकर्ता मनोज राय की ओर से अदालत को जानकारी दी गई झारखंड के जामताड़ा,साहेबगंज, देवघर एवं उसके आसपास के जिलों में तेजी से साइबरक्राइम बढ़ता जा रहा है. अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के मनोबल बढ़ते जा रहे हैं और उसके नेटवर्क भी बढ़ते जा रहे हैं इसे रोका जाना बहुत ही जरूरी है.

### मरीजों की मौत से जुड़े मामले में हुई सुनवाई


रांची : वर्ष 2018 में रिम्स अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के कार्य बहिष्कार के दौरान मरीजों की मौत से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने रिम्स से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है. कोर्ट ने पूछा है कि स्ट्राइक के दौरान जिन इलाजरत लोगों की मृत्यु हुई उनके परिजनों को मुआवज़ा दिया गया है या नहीं. मुआवजा के लिए लिए क्या योजना है. अदालत ने इस बिंदु पर रिम्स और सरकार को तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.

## कुडू में होटल व्यवसायी की हत्या, विरोध में सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**कुडू (लोहरदगा) :** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक होटल व्यवसाई की निर्मम हत्या कर शव को लोहरदगा-रांची मुख्य पथ में कुडू थाना क्षेत्र के ढुलूवा खुटा पुल के नीचे फेंक दिया। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर शव को बरामद कर लिया। मृतक की पहचान कुडू ब्लॉक मोड निवासी होटल संचालक चतुर्भुज साहू के पुत्र प्रदीप साहू के रूप में हुई है। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लोहरदगा-रांची मुख्य पथ को जाम कर दिया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी और प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। घटना के विरोध में कुडू में दुकानें भी बंद हो गई। लोगों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक प्रदीप साहू बुधवार की रात ब्लॉक मैदान में एक शादी समारोह में अंतिम बार देखे गए थे। इसके बाद से वह लापता थे। इसी बीच स्वजनों ने काफी खोजबीन की,परंतु उनके बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसी दौरान गुरुवार की सुबह पुल के नीचे एक शव देखकर स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना कुडू पुलिस को दी। जिसके बाद प्रदीप साहू के रूप में मृतक की पहचान हुई। घटना को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कुडू थाना क्षेत्र में हाल के समय में अपराध की घटनाओं में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इस पर शिकंजा कसने जी जरूरत है। पुलिस इस पूरे घटना को लेकर जांच में जुट गई है।

## भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में स्थापित करेगा यह बजट : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक अंश धारक को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि अमृत काल का बजट भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को हरित विकास पर बजट के बाद के पहले वेबिनार को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 के बाद के बजटों ने न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान किया है, बल्कि नए युग के सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷वर्ष 2014 के बाद से भारत में जितने भी आम बजट आए हैं, उनमें एक पैटर्न रहा है। पैटर्न यह है कि हमारी सरकार का हर बजट वर्तमान चुनौतियों के समाधान के साथ-साथ नए युग के सुधार को आगे बढ़ाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी इंडस्ट्री के लिए ग्रीन क्रेडिट है, तो किसानों के लिए पीएम-प्रणाम योजना भी है। इसमें गांवों के लिए गोवर्धन योजना है, तो शहरी क्षेत्रों के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति भी है। इसमें ग्रीन हाईड्रोजन पर बल है, तो आर्द्रभूमि संरक्षण पर भी फोकस है।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह बजट भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। मैं आज एनर्जी वर्ल्ड से जुड़े हर स्टॉक धारक को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित करता हूं। ग्रीन ग्रोथ को लेकर इस साल के बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, वो एक तरह से हमारी भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का शिलान्यास है। उन्होंने कहा कि हरित विकास और ऊर्जा परिवर्तन के लिए भारत ने तीन स्तंभ स्थापित किए हैं, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना, जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करना और गैस आधारित अर्थव्यवस्था की तरफ लेकर जाना शामिल है।

मोदी ने कहा कि भारत हरित ऊर्जा से जुड़ी टेक्नोलॉजी को लेकर दुनिया में लीड ले सकता है। यह भारत में ग्रीन जॉब को बढ़ाने के साथ ही ग्लोबल गुड में भी बहुत मदद करेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन में जितना कमांडिंग पोजिशन में होगा, उतना ही बड़ा बदलाव वह विश्व में ला सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को बैटरी भंडारण क्षमता को बढ़ाकर 125 गीगावाट घंटा करना होगा। भारत हर साल 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखता है।

उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लिए 19,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान किया गया। गैर-जीवाश्म ईंधन से 40 प्रतिशत बिजली क्षमता, पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य तिथि से पहले हासिल किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वाहन स्क्रैपिंग को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में 3,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 15 साल से पुराने लगभग 3 लाख सरकारी वाहनों को कबाड़ में डाला जाएगा।

## हिमाचल में दरक रहे पहाड़, तीन साल में सात गुना बढ़ीं घटनाएं

**एजेंसी**
**शिमला :** पहाड़ी राज्य हिमाचल में भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल के तीन वषों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो भूस्खलन की घटनाओं की संख्या सात गुना बढ़ चुकी हैं। भू-विज्ञानी बढ़ते भूस्खलन के लिए बारिश के पैटर्न में बदलाव और मानवीय गतिविधियों को जिम्मेदार मान रहे हैं। पिछले दो वर्षों के भूस्खलन के आंकड़े डराने वाले हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2022 में प्रदेश में भूस्खलन की 117 घटनाएं हुई थीं। जबकि वर्ष 2021 में भूस्खलन की 100 घटनाएं रिकार्ड की गईं। वर्ष 2020 में केवल 16 भूस्खलन ही हुए थे।

**राज्य भर में भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित**
राज्य आपदा प्र्बंधन प्राधिकरण के निदेशक सुदेश मोक्टा ने बताया कि राज्य में भूस्खलन की संभावना वाले 675 साइटों को चिन्हित किया गया है। इन साइटों की जलनिकासी को दुरूस्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मानसून से पहले उपायुक्तों के साथ इन साइटों के स्थानों को सांझा किया गया और उन्हें अपने स्तर पर उपचारात्मक उपाय करने के निर्देश किए गए। उपायुक्तों ने इन साइटों पर मैनपावर तैनात की है और जल निकासी में सुधार किया है।

**प्रदेश के 69 स्थानों पर अर्ली वार्निंग सिस्टम**




उन्होंने कहा कि राज्य के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की अधिकतर घटनाएं मानसून सीजन में घटित होती हैं। बरसात के दौरान जान व माल के नुकसान को कम करने के मकसद से भूस्खलन संभावित 69 स्थानों पर अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इनमें 39 स्थानों पर अर्ली वॉर्निंग सिस्टम पहले ही लगाया जा चुका था, जबकि 30 स्थानों पर बीते एक माह से इन्हें लगाने का काम चल रहा है। किन्नौर, मंडी और कांगड़ा में 10-10 स्थानों पर अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाया गया है।

**किन्नौर जिला बेहद संवेदनशील, जीएसआई कर रहा सर्वेक्षण**
उन्होंने आगे कहा कि भूस्खलन के लिहाज से किन्नौर जिला बेहद संवेदनशील है। इस जिले में पिछले कुछ वर्षों में पहाड़ दरकने से कई लोग मारे जा चुके हैं। किन्नौर को वहां पर हो रहे भूस्खलन के नुकसान और संवेदनशीलता को देखते हुए पायलट जिला में शामिल किया गया है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के तहत पूरे जिला का सर्वे किया गया है और ऐसे स्थानों का पता लगाया गया है जो भूस्खलन के लिए संवेदनशील है। जीएसआई ने किन्नौर में 12 भूस्खलन-प्रवण स्थलों का विश्लेषण किया है। उन्होंने भूस्खलन को कम करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक डीपीआर तैयार की है।

## ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पांच दिनों की ईडी रिमांड पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में पेश किया। ईडी ने कोर्ट से पूछताछ के लिए वीरेंद्र राम को 10 दिनों की रिमांड पर देने का अनुरोध किया। रिमांड पर लेने को लेकर दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने ईडी को वीरेंद्र राम को पांच दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी है। रिमांड अवधि के दौरान वीरेंद्र राम के परिजन और उनके वकील उनसे मुलाकात कर सकते हैं। इससे पूर्व वीरेंद्र राम का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया। उल्लेखनीय है कि वीरेंद्र राम को बुधवार को देर रात ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के जोनल कार्यालय में भी उससे पूछताछ की गई। ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर सहित कई अधिकारियों ने उससे पूछताछ की।

वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर लगातार दो दिन ईडी ने छापेमारी की थी, जिसमें 30 लाख नकद और करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा कीमत के गहने बरामद हुए हैं।

**संक्षिप्त खबरे**

## मेदिनीनगर नगर निगम कर रहा है गुंडागर्दी : सतीश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बेलवाटिका से गांधी मैदान स्टेशन रोड के गरीब दुकानदारों से जिनका बिक्री दिन भर मे पांच सौ रुपया नही है स्वाछता अभियान के तहत गल्ला मे हाथ डालकर निकाला गया। नगर निगम के इस कार्रवाई का हम बिरोध करते हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति रही तो स्टेशन रोड के सभी दुकान बन्द कर बिरोध दर्ज करायेंगे। बिरसा चौक पर बराबर जाम लगा रहता है वहाँ स्वच्छता नजर नहीं आती क्यों कि वहाँ मासिक शुल्क बंधी हुई हैं। नगर निगम अपने हरकत से बाज नहीं आई तो आजसू पार्टी उपायुक्त व नगर आयुक्त को मामला संज्ञान में देकर आन्दोलन को बाध्य होगी।

**विधायक भानु के विरुद्ध केतार में झामुमो का नुक्कड़ सभा**

# विधायक भानु प्रताप शाही कर रहे हैं झामुमो कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने की कोशिश : धर्मराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा के आह्वान पर केतार मुख्य गेट के समीप झामुमो कार्यकर्ता जयंत विश्वकर्मा पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के केतार विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह द्वारा केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर दिए गए आवेदन के आलोक में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि 3 दिन पूर्व एक व्हाट्सएप ग्रुप में झामुमो कार्यकर्ता जयंत विश्वकर्मा द्वारा एक अखबार का कटिंग जिसका हेडलाइंस उग्रवाद का एक भी मुकदमा दर्ज होगा तो देदेंगे इस्तफ़ा- भानु इसी हेड लाइन के साथ छपी खबर को पोस्ट करते हुए जयंत विश्वकर्मा ने लिखा के 2005 से पहले बाबू साहब जेल गए थे तथा गढ़वा उल्टा लटका के मार खाए थे वह मार किस चीज का था आजादी की लड़ाई का या बारूद ढोकर उग्रवाद को पहुंचाने का। यही कॉमेंट को देख उक्त विधायक के कार्यकर्ता एवं विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह को नाराजगी लगी और उन्होंने जयंत विश्वकर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु केतार थाना में आवेदन दिया गया। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि जयंत विश्वकर्मा से उक्त मामले में पक्ष रखने की बात कही तभी जयंत विश्वकर्मा इस मामले की जानकारी झामुमो पार्टी के केतार प्रभारी सह खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान एवं जिला अध्यक्ष तनवीर खान सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दिया। कार्यकर्ताओं ने थाना पहुंच आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि से वार्ता किया और कहा कि अगर टिप्पणी विधायक के विरोध में किया गया है तो किस संविधान में लिखा हुआ है कि उनके बदले उनका कोई प्रतिनिधि प्राथमिकी दर्ज कराएगा। इस पर जानकारी प्राप्त हुई की उक्त विधायक गुरुवार को इस संबंध में बैठकर बातें करेंगे। जब इस मामले पर कोई भी बात नहीं हो सकी तो गुरुवार दोपहर बाद झामुमो कार्यकर्ता एवं नेता एकजुट होकर केतार मुख्य गेट के समीप विधायक भानु प्रताप शाही के विरोध में नुक्कड़ सभा क्या। नुक्कड़ सभा के संबोधन करते हुए केतार प्रभारी धर्मराज पासवान ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही झामुमो कार्यकर्ताओं की आवाज प्राथमिकी दर्ज का डर दिखाकर दबाना चाहते हैं। जबकि उनके द्वारा किए गए काला चिट्ठा मैं निकालकर लाया हूं जो मैं इस क्षेत्र की जनता को एक-एक प्रति देने का काम करूंगा और उन्हें पूरे 81 विधानसभा क्षेत्र में बेनकाब करने का कार्य भी करूंगा अगर उक्त विधायक चाहते हैं कि यह सब ना हो तो उन्हें दिए गए आवेदन उन्हें वापस लेना होगा। वही नुक्कड़ सभा में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विधायक पर निशाना साधते हुए जमकर आलोचनाए की एवं पूर्व में छपी खबरों की प्रति ग्रामीणों के बीच बाटी गई। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, उपप्रमुख शंभू सिंह, युवा नेता छोटन कुमार सिंह, उदय प्रसाद, हिफाजत अंसारी, विनोद यादव, शिव कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद, जसमुद्दीन अंसारी, मनीष कुमार गुप्ता। सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया विद्यालय में अभिभावक के साथ बैठक



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 के प्रांगण में मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में उच्च पदाधिकारियों के आदेशानुसार विद्यालय में अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया द्य जहां बच्चों की उपस्थिति 100त्न करने, छात्रों के मूल्यांकन एवं अधिकतम स्तर की जानकारी, शिक्षा में माता पिता की भागीदारी, पाठ्यक्रम को पूर्ण कराने की स्थित पर चर्चा किया गया। शिक्षक एवं बच्चें को ससमय उपस्थित होने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, वर्गवार शिक्षण कार्य करने पर जोर देने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया द्यमौके पर प.स.स सुरुजदेव पासवान, वार्ड सदस्य शैलेंद्र सिंह, उदय मेहता, मंदीस भुईया, करम देव बैठा, डब्लू कुमार पाल, सुरेंद्र पासवान, सुनील पासी, सुग्रीम राम, फुलवंती देवी, बबन कुमार, अमरीका राम, अशोक राम एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## हैदरनगर पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर पुलिस ने रात्रि गष्ती के दौरान हैदरनगर- पंसा पथ से बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दे दी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजाद अंसारी ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल रात्रि गष्ती में पंसा रोड में गए। उन्होंने बताया कि अवैध बालु लदा एक ट्रैक्टर पकड लिया गया है। उसे थाना परिसर में लगाकर जिला खनन पदाधिकारी को आगे की कार्रवाई के लिए सूचना भेज दी गई है। थाना प्रभारी अजाद अंसारी ने बताया कि पकड़े गये ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देष्य क्षेत्र में अमन शांतिति के साथ साथ आम लोगों के सहयोग से अवैध करोबार पर अंकुष लगाना भी है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

# पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने जमशेदपुर से दिल्ली साइकिल द्वारा जा रहे फूलचंद लकड़ा को नगर उंटारी थाना के निकट अंगवस्त्र देकर पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने सम्मानित किया.फूलचंद लकड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐसे भक्त हैं, जो जमशेदपुर से साइकिल द्वारा दिल्ली के लिये रवाना हुये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी हमारे दिल मे बसे हैं दिल्ली जाकर वे प्रधानमंत्री से मिलकर उनसे कुछ सीखने की इच्छा रखते है। उन्होंने कहा कि उनकी भक्ति मुझे दिल्ली साइकिल से जाने के लिए मजबूर कर दिया उन्होंने कहा कि वे 16 फरवरी को 10 बजे जमेशदपुर से साइकिल से निकले है। उन्होंने बताया कि वे पहला विश्राम बुंडू में किये है।17 फरवरी को टोरी, 18 फरवरी को खलारी, 19 व 20 फरवरी को लातेहार, 21 फरवरी को मेदिनीनगर, 22 फरवरी को गढ़वा में विश्राम किये तथा 23 फरवरी को नगर उंटारी पहुंचे है। उनके नगर उंटारी आगमन पर पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने थाना के निकट उनका भव्य स्वागत किया, अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया उनके लिए जलपान की व्यवस्था किया। मौके पर चेम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, अनूप निराला, रजनीकांत मधुर भोलू, राजू कुमार, विकास जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पांकी के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता बरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पांकी के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता का आरोप सिद्ध नहीं होने पर एमपी एमएलए के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने रिहा कर दिया है। शशि भूषण मेहता पर आरोप था कि 25 अप्रैल 2016 को 11:00 से 1:00 बजे दिन में टेंट, सामियाना लगाकर बिना अनुमति के मिसिर दोहर ग्राम में चुनावी सभा किए थे। और वहां पहुंचे लोगों को खाना खिलाया था। आदर्श आचार संहिता कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी नंद कुमार मिश्रा ने शशिभूषण मेहता के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी तरहसी थाना में कांड संख्या 24/ 2016 दर्ज कराया था ।जो भारतीय दंड विधान की धारा 171 ई,171 एफ,व 134 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी ।इस मामले में अभियोजन की ओर से गवाहों की गवाही कराई गई थी। केस के सूचक ने दैनिक प्रभात खबर में 26 अप्रैल 2016 के अंक में छपी खबर के आलोक में जांच करने पर पाया था कि 75 पाकी विधानसभा क्षेत्र के तरहसी प्रखंड के मिसिर दोहरी ग्राम पंचायत सेलारी में 25 अप्रैल 2016 रविवार को एक 11 बजे से 1बजे तक संभावित प्रत्याशी शशिभूषण मेहता के द्वारा टेंट लगाकर चुनावी सभा की गई। सभा में पहुंचे व्यक्तियों को खाना खिलाया था जो 144 तथा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला बनता है ।इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से राहुल सत्यार्थी ने बहस किया। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में अभियोजन के द्वारा केस साबित नहीं करने के कारण इस मामले में शशिभूषण मेहता को बरी कर दिया है।

## कम्युनिस्ट पार्टी ने किया नेहा का बचाव



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने ब्यान प्रसारित कर लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लोक गायिका का मतलब ही होता है वह समाज के लिए समाज में फैल रही कुरीतियों वैमनस्य के लिए गीत गाए और उसी के तहत नेहा सिंह राठौर ने भी गीत गाया है इससे पहले भी कई एक कलाकार ने इस संबंधित गीत गाया परंतु इन लोग पर कोई कार्रवाई पहले भी नहीं हुआ था और दूसरी तरफ लोकगीत के नाम पर गायकों के द्वारा अश्लीलता परसा जा रहा है और उस गायकी में अश्लीलता की सारी हदें पार की जा रही है लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है लेकिन आज इस प्रकार से अनर्गल आरोप लगाए जाने और नेहा सिंह राठौर से स्पष्टीकरण की कार्यवाही को वाक्य एवं अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला बताया श्री तिवारी ने कहा कि कहा कि एक कलाकार की हैसियत से नेहा ने जनता के सवालों को प्रमुखता से उठाया है। इस गीत में कानपुर में बुलडोज़र से घर गिराने और मां-बेटी की मौत पर सवाल खड़ा किया था जो वाजिब सवाल था। और आज उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश की महिलाओं के साथ यही स्थिति है देश की भाजपा की सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर अत्याचार और जुल्म बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नेहा सिंह राठौर के खिलाफ भेजा गया नोटिस को वापस ले जिससे लोक संस्कृति की आवेदक एवं संविधान की रक्षा बनी रहेगी।

## झामुमों प्रखंड कमिटी ने पत्रकारों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** झामुमो प्रखंड कमिटी के द्वारा गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित कर अंचल के पत्रकारो को पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान झामुमो के जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों ने पत्रकारो को अंगवस्त्र व डायरी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर पत्रकारों ने चुनौतियों के साथ समस्याओं को साझा किया, तो जनप्रतिनिधियों ने माना कि सरकारों ने अब तक इस चौथे स्तम्भ को उपेक्षित रखा है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम व पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने सरकार के समक्ष पत्रकारों का मजबूती से पक्ष रखने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आत्मा है, फिर भी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने पत्रकारों को न्यूनतम पारिश्रमिक व आवासीय सुविधा दिलाने के लिए सरकार के समक्ष मजबूती से पक्ष रखने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि ने समाज को दिशा देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, सचिव विनोद सिंह, सुरेश गुप्ता, दीपक वर्मा, अख्तर अंसारी, शमशेर अंसारी, शशि दुबे, रामदास राम, उपप्रमुख पिंटू टोपो, सुरेन्द्र सिन्हा, रामदास राम आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव के लिए पन्ना प्रमुख, बूथ कमेटी व सरल एप का काम हर बूथ पर जाकर करें कार्यकर्ता : रघुराज

**➲विश्रामपुर आरसीयू विश्वविद्यालय परिसर में हुई भाजपा की कार्यसमिति की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से की गई चर्चा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर आरसीयू विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को विश्रामपुर भाजपा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्य क्रम की शुरुआत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व गढ़वा जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय ने कार्यक्रम में पहुंचे पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के कई जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख आमजन के बीच करने को कहां। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः दल को विजय प्राप्त हो। सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पन्ना प्रमुख, बूथ कमेटी व सरल एप का काम हर बूथ पर जाकर करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि मिशन-24 के तहत मोदी को एक बार फिर से पीएम बनाने का संकल्प दिलाया गया। साथ हीं इसके लिए संगठन महाविस्तार कार्यक्रम के तहत नगर मंडल व ग्रामीण मंडल बूथ सशक्तिकरण को लेकर विचार रखा। बूथ स्तर पर पहली बार मतदाता बने युवा, महिला, कमजोर वर्गों को संगठन से लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि गरीब, उद्यमी, महिला, युवाओं के कल्याण के लिए केंद्र के मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ लोगों तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। मौके पर आशीष पांडेय, मनीष गुप्ता, संतोष राम, उपेंद्र तिवारी, रामानंद तिवारी, उखमजी यादव, जिला मंत्री मेराज आलम, शोएब साह, मोशताक़ सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने गंभीर मरीज को ब्लड उपलब्ध कराया



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सदर अस्पताल में भर्ती मरीज सुमित्रा देवी को ब्लड उपलब्ध कराया गया। जानकारी के अनुसार सुमित्रा देवी की स्थिति काफी गंभीर थी, और उन्हें परिजनों के द्वारा इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें 3 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। तभी परिजनों के द्वारा इसकी सूचना पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी गई। जानकारी मिलते ही पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे के द्वारा आरक्षी 406 विरेंद्र राम जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिनियुक्त था वर्तमान में पाकि कार्फ ड्यूटी में तैनात हैं लगातार रात दिन ड्यूटी करने के बावजूद भी जवान वीरेंद्र राम के द्वारा वृद्ध माताजी जी को अपना बहुमूल्य रक्तदान किया इसका श्रेय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को जाता है क्योंकि वे अपने पलामू के जवानो को रक्तदान के लिए लगातार प्रेरित करते हैं और जवान के मनोबल बढ़ाते रहते हैं पूरे पलामू जिला में ब्लड की आवश्यकता किसी को भी पड़ती है तो सबसे पहले जीवन दान देने वाले पुलिस अधीक्षक पलामू चंदन सिन्हा को याद किया जाता है। बताते चलें कि पलामू में किसी भी दुर्घटना में घायल गंभीर मरीज को पलामू एसपी के द्वारा ब्लड दिला कर उसका जान बचाने का काम किया गया है। किसी भी गंभीर मरीज को जब बोल अब उपलब्ध नहीं हो पाता है तो उसका एक ही आसरा रहता है कि एसपी चंदन सिन्हा उनकी मदद करेंगे और एसपी उनकी मदद करते भी हैं।

# विधायक प्रतिनिधि ने राशन वितरण में अनियमितता करने वाले डीलर पर कार्रवाई का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित विधायक कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर राशन वितरण में अनियमितता कर गरीबों का हक छिनने वाले डीलर पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनवितरण प्रणाली के अनुज्ञप्ति संख्या 17/85 के दुकानदार विजय कुमार जायसवाल पर डेमा ग्राम के कार्डधारियों ने कम राशन देने सहित कई आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। जिसमें डीलर पर वर्ष 2021 तथा 2022 में सितंबर माह का तथा वर्ष 2023 के जनवरी तथा फरवरी माह का राज्य सरकार प्रदत राशन का वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए विधायक से कार्रवाई की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि कार्डधारी सावित्री देवी, सुनीता देवी , कोलेश्वरी देवी, प्रयाग वर्मा, सूरज कुमार, रवि कुमार, सत्येंद्र मेहता, मनीष कुमार, रामजय यादव, रामनारायण यादव, जयनंदन यादव, तेजस्वी यादव, रोहित यादव, चंद्रमा सिंह, कलावती देवी, ललन कुमार सिंह, लालमुनि देवी, बीरबल यादव, शांति देवी, बसंत कुमार, सुदर्शन कुमार मेहता, उमेश मेहता, हरिओम कुमार, रौशन कुमार, रिंकू कुमार, शशि कुमार, सुदय यादव सहित कई लोगों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन में उक्त डीलर पर प्रति यूनिट 1 किलोग्राम अनाज कम देने की बात कही गई है। ग्रामीणों ने वर्ष 2021 में भी तत्कालीन प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से इसकी शिकायत की थी। जांच भी की गई। परंतु अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। विधायक प्रतिनिधि ने उक्त मामले में डीएसओ पलामू से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। मौके पर रामबृक्ष मस्ताना, आबिद हुसैन उर्फ मुन्ना उपस्थित थे।

## नप अध्यक्ष ने सोलरयुक्त जलमीनार का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर13 में कन्हाई साव के घर के निकट तथा वार्ड नम्बर 16 में सत्येन्द्र शुक्ल के घर के पास लगभग 13 लाख की लागत से हर घर नल जल योजना के तहत दो योजना सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में हमने हर सम्भव प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट से वार्डवासियों को निजात दिलाने के लिये आज दो सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास किया है। इससे 60 घरों में शुद्व पेयजल आपूर्ति किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैं निःस्वार्थ भाव से प्रधानमंत्री आवास योजना, पीसीसी पथ, आरसीसी नाली, सोलर व विधुतयुक्त लाइट जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता को समर्पित किया हूँ। उन्होंने कहा कि मैं अपने पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा के साथ सभी 17 वार्डो में जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में पहल किया हूँ। जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ही हमने नगर पंचायत क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास की रूपरेखा तैयार किया था, जिसे वार्डवासियों के बीच पहुंचाया. उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर नगर पंचायत को लगभग 4 करोड़ की लागत से बनने वाले योजनाओं का सौगात मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारकर राज्य की अग्रणी पंक्ति में नगर पंचायत को शामिल कराने की दिशा में हमने लगातार प्रयास किया है। मौके पर वार्ड पार्षद संदीप कुमार, वार्ड प्रतिनिधि विजय ठाकुर, सत्येन्द्र शुक्ल, कन्हाई प्रसाद, आशीष केसरी, उमेश कश्यप, राम केसरी, आकाश केसरी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी कॉलेज में एकदिवसीय फोटो प्रदर्शनी आज

**रांची :** रांची के मारवाड़ी कॉलेज की ओर से डिजिटल फोटोग्राफी फिल्म निर्माण विभाग की ओर से 24 फरवरी को एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार करेंगे। कोर्स डायरेक्टर डॉ. सुशील कुमार अंकन ने बताया कि प्रदर्शनी में लगाई गई तस्वीरों में से पांच तस्वीरों का चयन करके उन तस्वीरों का नंबर एक फीडबैक फॉर्म में भर कर जमा की जायेगी। इसके बाद प्रदर्शनी में लगाई गई तस्वीरों को वोटिंग के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### जेपीएससी से नियुक्ति के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आज से

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से खोरठा विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति के लिए हाल में अनुशंसा की गई थी। सिंडिकेट से स्वीकृति के बाद अभ्यर्थियों को 24 फरवरी को 11.30 बजे डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. प्रीतम कुमार के कार्यालय में दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया गया है।

### झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 25 फरवरी से रामगढ़ में

**रांची :** झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 25 फरवरी से रामगढ़ में होगा। चाइल्ड वर्ल्ड एंड स्कॉलर्स हाई स्कूल में दो दिवसीय चैंपियनशिप का आगाज 25 फरवरी को टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित एवं विशिष्ट अतिथि राज्य संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद एवं महासचिव जय कुमार सिन्हा करेंगे। 26 फरवरी को पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया है कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से चुने गए बेहतर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

# कांटाटोली फ्लाईओवर के नीचे दुकानों का होगा निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांटा टोली में बन रहे फ्लाईओवर के नीचे दुकानें भी आवंटित किए जायेंगे। झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी जूडको की ओर से फ्लाईओवर के नीचे करीब साठ दुकानों का निर्माण किया जाना है। इन दुकानों का निर्माण करके रांची नगर निगम को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद रांची नगर निगम इन दुकानों का अलॉटमेंट अपने तरीके से करेगा। कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण हो जाने के बाद उसके दोनों साइड दुकानों का निर्माण किया जाएगा। यह दुकान मंगल टावर से लेकर खादगढ़ा बस स्टैंड के दोनों साइड में बनाया जाएगा। यहां जिन लोगों की जमीन गई है, उन लोगों को दुकान देने में प्राथमिकता भी दी जाएगी। इसके लिए जिनकी जमीनें गई वे अविलंब हू अर्जन पदाधिकारी से



संपर्क कर सकते हैं।

**सड़क कब बनेगी:** वहीं चार महीने पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अचानक कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

तब उन्होंने फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही थी, साथ ही जोर देते हुए यह भी कहा था कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य होते रहे, लेकिन आवागमन किसी तरह की किसी को परेशानी नहीं हो,इसके लिए यहां पर टूटी फूटी सड़कें हैं उसकी मरम्मत करवा दिया जाये।

बवाजूद इसके अब तक शुरू नहीं हो सका है।

जिस कारण से सड़क दुघर्टना की संभावनाएं बनी रहती है। इस संबंध में बताया गया कि सड़क निर्माण होगा, इससे पहले दोनों ओर की नाली निर्माण किया जायेगा, ताकि घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर नहीं सीधे नाली में जाए। नाली के बाद सड़क बनेगा। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी सड़क बनेगी यह फिर टांय टांय फीस होगा।

# गर्भवती महिला पुलिसकर्मी के सिर से निकाली गई गोली, मां बच्चे सुरक्षित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मांडर की रहने वाली गर्भवती महिला पुलिसकर्मी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर के बाहर ही सिर में गोली मार दी थी , यह घटना बीते 10 फरवरी की है। मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी, तत्पश्चात उसे रिम्स हॉस्पिटल लाया गया,जनरल सर्जरी विभाग मैं उसे एडमिट कर प्राथमिक उपचार की गई । फिर उसे रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में डॉक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार के अंदर भर्ती किया गया तथा अगले दिन तकरीबन 5 से 6 घंटे के सर्जरी के बाद उसके सिर के अंदर से बुलेट निकाली गई। ज्ञात हो कि बुलेट सिर के हड्डी को डैमेज कर ब्रेन के अंदर चली गई थी तथा ब्रेन का एक हिस्सा भी डैमेज हो चुका था, ऐसी स्थिति में यह एक चुनौती भरा ऑपरेशन था,ऐसे ऑपरेशन में गर्भ में पल रहे बच्चे तथा मां दोनों को खतरा होता है, डॉक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार के नेतृत्व में डॉ विराट हर्ष ,डॉ सौरव बेसरा, डॉ दीपक ,डॉ



अशोक ,डॉक्टर विकास कुमार , डॉक्टर हबीब तथा डॉ कार्तिक, डॉ दीक्षा ने इस ऑपरेशन को सफल बनाया। ऑपरेशन के ऑपरेशन के बाद महिला और गर्भ में पल रहा बच्चा दोनों बिल्कुल स्वस्थ है उन्हें गुरुवार को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्यों ने राज्यपाल से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्यों ने मुलाकात की। मुलाकात करने वाले सदस्यों में डॉ अजिता भट्टाचार्य, प्रो0 अनिमा हांसदा और डॉ जमाल अहमद शामिल थे । राजभवन सूत्रों ने बताया कि यह मुलाकात शिष्टाचार बताया गया।

## उज्जवल तिवारी ने किया खलारी का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश खलारी दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने दो अहम बैठकें की। पहली बैठक प्रखंड कार्यालय और दूसरी सेंट्रल कोलफिल्ड के गेस्ट हाउस में की. दोनों ही बैठकों का उद्देश्य क्षेत्र में बाल श्रम की बढ़ते मामले पर लगाम लगना था। प्रखंड कार्यालय की बैठक में खलारी पुलिस उपाधीक्षक और प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास पर्यवेक्षिका और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े डॉ इरशाद उपस्थित थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की। खलारी क्षेत्र में बाल श्रमिकों से काम कराने वाले सभी कंपनियों के प्रबंधकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही



की जाएगी। उन्होंने कहा, बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हम सबको मिल कर प्रयास करने होंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया। सरकारी योजनाओं (विशेषकर बच्चों से जुड़ी योजनाओं) को धरातल पर उतारने पर अधिकारियों का पूरा फोकस हो।

आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम के तहत बीपीएल परिवार के बच्चों के स्कूलों में 25 प्रतिशत नामांकन शत-प्रतिशत हो।

कोयलरी क्षेत्र में बच्चों से काम लिए जाने वाले नियोक्ताओं पर एफआईआर में दर्ज करें। सीसीएल के प्रभारी जीएम जे.अब्राहम,.स्टॉफ ऑफिसर कार्मिक ज्योति कुमार, सीसीआर ऑफिसर शशि सिंह और डालसा प्रतिनिधि सत्यपाल शर्मा उपस्थित थे।

## रांची को दो अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का मिलेगा मौका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची दो अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इसमें एक एथलेटिक्स का और दूसरा हॉकी का होगा। रांची में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय फेडरेशन की ओर से इसकी मेजबानी करने का मौका दिया जा रहा है। अक्टूबर या नवंबर में ये दोनों आयोजन रांची में होंगे। इसमें साउथ एशियन एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप और हॉकी का इंटरनेशनल इवेंट का आयोजन शामिल है। सैफ एथलेटिक्स के आयोजन की तैयारी खेल निदेशालय की ओर से की जा रही है।

साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली

**अक्टूबर या नवंबर में ये दोनों आयोजन रांची में होंगे।**


**एक एथलेटिक्स का और दूसरा हॉकी का होगा।**

बार रांची में होगा। इसमें सात देशों के चार सौ से भी अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रांची आयेंगे। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने बातया कि विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है।

## 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक व इंटर की परीक्षा की तिथि में होगी बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जैक बोर्ड से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बता दें, कि 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की तिथि में बदलाव होने वाला है। यह जानकारी शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जैक के सचिव महीप कुमार सिंह से बात करने के बाद दी है। पूरा मामला राज्य सरकार के कैलेण्डर में सरहुल की तारीख की गलत जानकारी दिये जाने के बाद हुई।हुआ यह कि झारखंड सरकार के कैलेण्डर में इस



साल मनायी जाने वाली सरहुल महापर्व की तारीख 23 अप्रैल छप गयी है। जब परीक्षा की तारीखों की घोषणा होने लगी तो इसी कैलेण्डर

**यह जानकारी शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जैक के सचिव महीप कुमार सिंह से बात करने के बाद दी है।**

को आधार बनाकर पूरा शेड्यूल निकाला गया। अब यह जानकारी आ रही है कि सरहुल महापर्व इस साल 24 मार्च को है। जैक के परीक्षा प्रोग्राम में 24 मार्च को मैट्रिक के गणित और इंटर की परीक्षा की तिथि घोषित है। अब इस तारीख को परीक्षा ना होकर अगली घोषित तारीख को परीक्षा होगी।

## रामगढ़ उपचुनाव में ओबीसी आरक्षण मंच का कांग्रेस को समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कर्बला चौक में झारखण्ड ओबीसी आरक्षण मंच का प्रमुख सदस्यों का महत्वपूर्ण बैठक मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी 27 फरवरी को होने वाले रामगढ़ उपचुनाव, 27त्न ओबीसी एवं 14 त्न अनुसूचित जाति का आरक्षण, जातीय जनगणना की मांग एवं 26 मार्च को प्रांतीय सम्मेलन करने सहित अन्य आवश्यक मुद्दों के संदर्भ में चर्चा हुई ।इस तमाम विषयों पर मंच अध्यक्ष कैलाश



यादव ने बताया कि राज्य में लगभग 90 फीसदी एसटी/ एससी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक की बहुसंख्यक आबादी है और महागठबंधन सरकार बनाने में इन समुदायों का बड़ा हिस्सा ने जनमत देकर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जेएमएम ,कांग्रेस ,राजद का संयुक्त सरकार को समर्थन किया है । राज्य में सामाजिक न्याय के साथ समुचित विकास के लिए ओबीसी मंच को हेमंत सरकार से काफी अपेक्षाएं हैं इसलिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है कि रामगढ़ उपचुनाव में महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को झारखण्ड ओबीसी आरक्षण मंच पूर्ण मजबूती से समर्थन करेगा । आगामी 26 मार्च को रांची में ओबीसी मंच का प्रांतीय सम्मेलन किया जाएगा । बैठक में आबिद अली,रबिंद्र भारती, मौलाना मुफ्ती अजहर अब्दुल्लाह कासमी,सुबोध ठाकुर, सिकंदर अंसारी,समीर कुशवाहा साहेब अली बीएल पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# कृषि वैज्ञानिक का निधन अपूरणीय क्षति : गोपाल शर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखण्ड प्रदेश के प्रांत प्रचारक गोपाल जी शर्मा ने सुप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ.एस.सी.प्रसाद के आवास पर जाकर उनके चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पुत्र अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को सांत्वना देने के बाद शर्मा ने कहा कि राइस मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ.प्रसाद ने चावल के क्षेत्र में गहन अनुसंधान कर वैसी 14 प्रजातियों का विकास किया जो अपेक्षाकृत कहीं कम सिंचाई में बेहतर उपज देने के मामले में किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हुई।

उन्होंने कहा कि भारत के किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने में डॉ.प्रसाद की खोज का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से झारखण्ड ही नहीं वरन सम्पूर्ण राष्ट और पूरी दुनिया उनका आभारी रहेगा क्योंकि उन्होंने खाद्यान्न के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री शर्मा ने कहा कि, डॉ.प्रसाद की विचारधारा पूरी तरीके से राष्ट्रवादी थी क्योंकि उन्होंने चावल की उन प्रजातियों के ज्यादा उपज और उसे बेहतर बनाने में अपने जीवन का बेहद महत्वपूर्ण समय लगा दिया जिसे अधिकांश लोगों के द्वारा उपयोग किया जाता है। वर्तमान समय में सर्वाधिक लोकप्रिय बिरसा धान 101 से 110 तक, सीता, ब्राउन गोड़ा, कंचन, कावेरी, समेत उन्नत प्रभेद के धान जो पठारी क्षेत्र विशेषकर झारखंड में लोकप्रिय चावल की वो 12 किसमें जो आज हर घर में सभी उपयोग करते हैं।

### माकपा बजट के खिलाफ 28 तक चलायेगी विरोध अभियान

**रांची :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि भाजपा सरकार के 2023 -24 के बजट ने आम लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। एक ओर चावल, आटा सहित सभी जरूरी चीजों के दाम बढते जा रहें है। विप्लव ने गुरुवार को कहा कि माकपा इस जनविरोधी बजट के खिलाफ केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 28 फरवरी के बीच हर जगह अभियान आयोजित कर रही है। इसी के तहत झारखंड में भी अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में जनता को सीधे फायदा पहुंचाने वाले सभी कार्यक्रम और योजना के खर्च में कटौती कर दी गई है।

# रांची : मुसलमान अपने नबी के बगैर जिंदा नहीं रह सकता : मौलाना गुलाम रसुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान मदरसा इसलामी मरकज हिंद पीढी में गत रात्रि ÷शाने हबीब कॉन्फ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलसा ÷का आयोजन किया गया जिस में बरैली शरीफ के पीर हजरत कमर रजा खान, बहराइच के पीर हजरत मुफ्ती शमुसुद्दीन नुरी, पुर्व सांसद मौलाना गुलाम रसुल बलयावी, एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मुफ्ती फैजुल्लाह मिस्बाही जमशेदपुर, शाएर ताज रजा औरंगाबाद मुख्य अतिथि के रुप में



शरीक हुवे जबकी सैकड़ों उलेमा एवं हजारों लोग शामिल हुवे, जलसा को सम्बोधित करते हुवे पुर्व सांसद मौलाना गुलाम रसुल बलयावी ने कहा की मुसलमानों का ईमान व आस्था अपने पैगम्बर पर है इसी लिए मुसलमान अपने नबी के बगैर जिंदा नहीं रह सकता मुसलमानों को चाहिए कि वे नबी के बताए रास्ते पर चलें। पुर्व सांसद ने कहा कि कुरआन शरीफ विश्व भर के इंसानों की रहनुमाई व मार्ग दर्शन हेतु नाजिल हुवा, उन्होंने ने समाज को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। मुफ्ती शमसुद्दीन नुरी ने कहा की एक दिन में अल्लाह ने मुसलमानों पर पांत वक्त की नमाज फर्ज किया। उन्होंने ने झुट, गीबत, शराब, चोरी, डकैती, धोखा, फरेब और हर बुराई से बचने का सबक दिया।

# सीआईडी ने साइबर अपराधी को जामताड़ा से किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम राम बाबू मंडल बताया गया है। वह जामताड़ा के करमाटांड थाना क्षेत्र के रामपुर का रहने वाला है। इसके पास से पांच मोबाइल फोन और अपराध से संबंधित डेटा बरामद किया गया है। सीआईडी एसपी एस कार्तिक ने गुरुवार को बताया कि साइबर अपराधियों की ओर से बड़े पैमाने पर एचडीएफसी बैंक के केवाईसी अपडेट करने के लिए एचडीएफसी बैंक के खाता धारको को इंटरनेट बैंकिंग के एंड्रायड एप्लीकेशन का फेक एप्लीकेशन से संबंधित एक यूआरएल (लिंक) का एसएमएस भेजने से संबंधित सूचना प्राप्त हुई। एसएमएस के जरिये बैंक ग्राहकों को बताया जाता था कि आपके अकाउंट को अवरुद्ध कर दिया गया है।

कृपया पेन का अपडेट करा ले। जब लोग आम सहायता के लिए



**गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम राम बाबू मंडल बताया गया है। वह जामताड़ा के करमाटांड थाना क्षेत्र के रामपुर का रहने वाला है।**

उक्त लिंक पर क्लिक करते है तो एचडीएफसी इंटरनेट बैंकिंग का फेक ऐप उनके फोन में इंस्टॉल हो जाता है।

जब लोग उस एप को खोलते है तो साइबर अपराधियों द्वारा उनका डाटा डेस बोर्ड के माध्यम से संरक्षित कर लिया जाता है। एसपी ने बताया कि इसी सूचना पर तकनीकी रूप से जांच के क्रम में संलिप्त साइबर अपराधी को चिन्हित किया गया। इसके बाद रांची सीआईडी टीम ने जामताड़ा पुलिस के संयुक्त प्रयास से साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

## खड़गपुर- हटिया एक्सप्रेस 26 फ़रवरी को रद्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आद्रा मंडल के बांकुड़ा और जंगल महल भादुतला स्टेशन पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाना है। इसके कारण रांची रेल मंडल से चलने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। खड़गपुर से चलकर हटिया आने वाली ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर- हटिया एक्सप्रेस 26 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18036 हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस आद्रा स्टेशन तक जायेगी। वहां से ट्रेन संख्या 18035 आद्रा हटिया पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे जनसंपर्क विभाग ने दी है। रांची से



हावड़ा के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 18628 रांची हावड़ा एक्सप्रेस 26 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर बदले हुए मार्ग कोटशिला पुरुलिया चांडिल टाटानगर खड़गपुर होकर चलेगी। खड़गपुर मंडल के अंतर्गत रानीताल स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का काम चल रहा है, जिसके कारण सात मार्च को ट्रेन संख्या 12875 पुरी आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है।

## भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा को ले विशाल कलश यात्रा निकली

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शंकर भगवान कि प्राण प्रतिष्ठा हेतु चतरा पंचायत में केंदु ढीपा चतरा से स्वर्णरेखा मुरली पुल से वापस चतरा सैकडो महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकली गई। मंदिर में यज्ञ,हवन पूजन,विशाल भंडारा का आयोजन 23 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा। कलश यात्रा में ढोल नगाड़ा के साथ भगवान शिव के जयकारे के नारे भी लगाए गये। इस अवशर पर अनगडा के उप प्रमुख जयपाल हजाम,प्रधान किस्टो कुजुर,प्रकाश महतो,थाना प्रभारी महेंद्र करमाली,एस आई रंजीत मुंडा के साथ सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में मौत

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडर थाना क्षेत्र के बुढ़मू रोड दुमदुमिया टोंगरी के पास अवैध कोयला लेकर जा रहे मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गड्ढे में गिर गया। जिससे मोटरसाइकिल सवार छोटू प्रजापति बुढ़मू थाना के चकमे निवासी की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी मांडर पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तमाड़ हाईस्कूल मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर की विधिवत अनीता देवी (मुखिया) शकुंतला देवी उपप्रमुख तमाड़,रेशमी देवी पंसस ,हरीश मुंडा(मुखिया) सोनाराम मुंडा पूर्व मुखिया एवं ग्राम प्रधान विमल पातर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में तमाड़ बासी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान साथी हंस हंस के रक्तदान किए ।मुख्य रूप से तमाड़ थाना के प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने रक्तदान कर कहा कि समाज में हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए रक्तदान करने से लोगों को एक नया जीवन दिया जा सकता है स्वयं स्वस्थ रहा जा सकता है ।तमाड़ के पूर्व मुखिया रमेश कुमार मुंडा ने कहा कि आज के तारीख में इस भागम भाग दौड़ में प्रत्येक मनुष्य को समाज के हित में समाज के लोगों के लिए हमेशा खड़ा रहना चाहिए एवं तीन माह में रक्तदान नियमित करना चाहिए। मौके पर गोलक दास अधिकारी ,सुरेश सोनी आकाश खंडित ,कमलेश सोनी , पारस अधिकारी राजेश कुमार महतो, सच्चिदानंद प्रमाणिक , लक्ष्मण सिंह मुंडा, सुदामा साहू,सुबोल कुमार दास, कैलाश कुमार मंडल लखन लाल करमाली ,अंकित कश्यप, सूरज कुमार प्रजापति ,गणेश कुमार मोदक, सूरज मांझी ,रजत कुमार जैन ने रक्तदान किया।

## लोबिन बागान में झामुमो की बैठक



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज खूंटी के लोबिन बाग़ान में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के खूंटी ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में बैठक हुई। आज की बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की गई। आज की बैठक में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के खूंटी ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद के द्वारा रनिया के ज़िला परिषद सदस्य विरेंद्र कन्डुलना को खूंटी जिला बुद्धिजीवी मोर्चा का ज़िलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खूंटी ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद, केन्द्रीय सदस्य मक़सूद अंसारी, सह ज़िला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड्डु, भोलेनाथ लाल, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष स्नेहल महिला मोर्चा सचिव अनिमा कच्छप, सदस्य विरेंद्र सिंह, सुदीप गुड़िया, सुशील पहान, विरेन कन्डुलना, एनेम कन्डुलना,हेमन्त तोपनो, विलियम गुड़िया, उपाध्यक्ष असगरी खातुन, सचिव गुलशन सिंह मुण्डा, ज़िला सह सचिव मोजिर अंसारी, प्रदीप केशरी,ज़िला संगठन सचिव अर्जुन मुंडा, किसान मोर्चा ज़िला सचिव कुंवर सिंह मुणडरी, तोरपा उपाध्यक्ष दीपक कुमार राय, ज़िला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, 20 बीस रनिया अध्यक्ष देवनाथ मघैया, सदस्य भोला भुईया, अल्पसंख्यक क़ुर्बान खान ,खूंटी प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुण्डा, खूंटी प्रखण्ड प्रमुख सोशल मीडिया प्रभारी संदीप तिड्डु, सदस्य नोतरत पुर्ती, कर्रा प्रखण्ड अध्यक्ष शेख़ फ़िरोज़,बसन्त कुमार प्रमाणिक, मुरहू प्रखण्ड अध्यक्ष सनिका बोदरा, सोशल मीडिया प्रभारी सहदेव मुण्डू, रनिया प्रखण्ड सोशल मीडिया प्रभारी जुस्तियान भेंगरा, प्रखण्ड मीडिया प्रभारी देव कुमार यादव, पंचायत समिति सचिव गुखचरा मुण्डा, लक्ष्मी नाथ आदि शामिल हुए।

## पटेल बीएड कॉलेज में स्वागत व विदाई समारोह का आयोजन




**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्रा. पटेल बीएड कॉलेज काटमकुकू लोधमा में बुधवार को सत्र 2022-24 के नये विद्यार्थियों का स्वागत एवं सत्र 2020-22 के पुराने विद्यार्थियों का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह का उद्घाटन राज इंटरनेशनल स्कूल के सचिव सम्पा सिंह, निर्देशक सिद्धार्थ सिंह, कुमारी शांता, पटेल बीएड कॉलेज की सचिव संगीता कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया. कार्यक्रम का संचालन पटेल बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ अनुराधा कुमारी ने किया. कार्यक्रम के तहत सत्र 2021-23 के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. जिसके दौरान मिस्टर फ्रेशर कौशल आशिष चायकर, मिस फ्रेशर सुमिता खलखो एवं मिस्टर फेयरवेल विनित अनुराग व मिस फेयरवेल प्रिति कुमारी को चुना गया साथ ही सत्र 2022-24 के नये विद्यार्थियों का स्वागत और सत्र 2020-22 के पुराने विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर कार्य करने की शुभकामना के साथ विदाई दिया गया. कार्यक्रम पर कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिकाएं व शिक्षाकेत्तर कर्मी के अलावे विद्यार्थी मौजूद थे।

# डाकघर का बचत खाता एक अमृत कलश : चंदन कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर डाक निरीक्षक, खूंटी के देखरेख में खूंटी अनुमंडल के सभी उपडाकघरों और शाखा डाकघरों द्वारा सभी गावों , स्कूलों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों, थानों, प्रखंड और जिला कार्यालयों में ÷डाकघर बचत खाता विशेष अभियान÷ का आयोजन 20-24 फरवरी तक चलाया जा रहा हैं । इस अभियान के तहत डाकघर बचत खाता रूपी अमृत कलश देकर बुजुर्गो, नौजवानों और महिलाओं को डाकघर बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा हैं । डाकघर बचत खाता एक अमृत कलश है जिसके माध्यम से अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी लाभकारी योजनाओं का फायदा ले सकते है । दूसरी तरफ इस बचत खाता के माध्यम से घर के नजदीक पोस्टऑफिस से डी.बी.टी के माध्यम से प्राप्त सरकारी अनुदान (स्कूल छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, गैस सब्सिडी, केंद्र और राज्य सरकार सब्सिडी आदि) का लाभ प्राप्त कर सकते है । इस बचत खाता के माध्यम से आसानी से इनकम टैक्स छूट के लिए पांच वर्षीय टी.डी (सावधि जमा), सुकन्या समृद्धि खाता, पांच वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र, पब्लिक भविष्य निधि खाता खुलवा सकते है और सबसे अधिक ब्याज से लाभान्वित हो सकते है । इस तरह की अन्य बचत योजनाओं जैसे आर.डी (आवर्ती जमा, मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, के.वी.पी (किसान विकास पत्र) आदि का लाभ उच्च ब्याज पर ले सकते है ।

## पूर्व मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रामगढ़ जाने के क्रम में कांके प्रखंड अंतर्गत मेसरा मंडल क्षेत्र के नेवरी रिंग रोड चौक पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। विदित हो कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार हेतु जनसभा को संबोधित करने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं बाबूलाल मरांडी रामगढ़ दौरा पर जा रहे थे। रामगढ़ जाने के क्रम में सुबह करीब 11 बजे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं रघुवर दास का काफिला नेवरी रिंग रोड चौक पर पहुंचने पर कमलेश राम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और माला भेंट करते हुए गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश नारायण महतो, मेसरा मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजा महतो,मंडल के महामंत्री महानंद महतो, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सन्नो भारती,अजय महतो, रानी देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## न्यायालय जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार

### सूचना

एतद् द्वारा निम्नाकिंत नीलाम पत्र वाद के बकाया देनदारों को सूचित किया जाता है कि अपने नाम के सम्मुख कालम–9 में अंकित राशि दिनांक 27.02.2023 तक संबंधित बैंक में जमा कर अदेय प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधी के पश्चात आपके विरूद्ध पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा 3(3) के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत गिरफ्तारी वांरट / कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | वाद दायर करने वाले बैंक का नाम | वाद का प्रकार | देनदार का नाम एवं पता | राशि | जमा | शेष राशि | दफा–07 का नोटिस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 256 | 2021-22 | बैंक ऑफ इंडिया, चंदवा | बैंक ऋण | माधुरी कुमारी, पिता स्व0 कृष्णा कुमार भारती , अलौदिया, चंदवा, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 475231.00 | 0.00 | 475231.00 | निर्गत |
| 2 | 139 | 2017-18 | बैंक ऑफ इंडिया, लातेहार | बैंक ऋण | जीतेन्द्र प्रसाद, पिता गोविन्द प्रसाद, ग्राम–मुक्का, पो0–पाण्डेयपुरा, थाना+जिला– लातेहार | 333120.00 | 8000.00 | 325120.00 | निर्गत |
| 3 | 142 | 2017-18 | बैंक ऑफ इंडिया, लातेहार | बैंक ऋण | 1.रमेश शाह पिता बनारसी साह, ग्राम–धर्मपुर, पो0+थाना+जिला–लातेहार 2. राजेश कुमार साह, पिता बनारसी साह ग्राम–धर्मपुर, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 465200.00 | 0.00 | 465200.00 | निर्गत |
| 4 | 331 | 2018-19 | बैंक ऑफ इंडिया, लातेहार | बैंक ऋण | 1. सुशील कुमार साहु पिता अजय कुमार साहु 2. शत्रुघन प्रसाद पिता स्व0 त्रिवेणी सिंह 3. धनश्याम प्रसाद पिता अयोध्या प्रसाद सभी ग्राम–जालिम, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 495680.00 | 0.00 | 495680.00 | निर्गत |
| 5 | 52 | 2020-21 | बैंक ऑफ इंडिया, लातेहार | बैंक ऋण | रामजन्म कुमार पिता केदार प्रसाद ग्राम–करकट, पो0+जिला–लातेहार | 302234.00 | 8000.00 | 294234.00 | निर्गत |
| 6 | 165 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | दीपक कुमार सिंह पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्राम–डुरूआ, लातेहार स्टेशन, जिला–लातेहार | 431777.00 | 0.00 | 431777.00 | निर्गत |
| 7 | 106 | 2017-18 | भारतीय स्टेट बैंक, बरवाडीह | बैंक ऋण | रसीद अंसारी पिता मो0 हबीब मिंया, ग्राम+पो0–बरवाडीह, जिला–लातेहार | 310219.00 | 0.00 | 310219.00 | निर्गत |
| 8 | 335 | 2018-19 | भारतीय स्टेट बैंक, मनिका | बैंक ऋण | देवेन्द्र कुमार कुजूर, पिता सुखलाल उरांव, ग्राम–जुगूंर, पो0–पल्हैया, थाना–मनिका, जिला–लातेहार | 331194.00 | 0.00 | 331194.00 | निर्गत |
| 9 | 338 | 2022-23 | भारतीय स्टेट बैंक, मनिका | बैंक ऋण | सुशील कुमार पिता गणेश प्रसाद पिता राजजनम प्रसाद, मेनरोड मनिका, पो0–मनिका, जिला–लातेहार | 417567.00 | 0.00 | 417567.00 | निर्गत |
| 10 | 109 | 2018-19 | भारतीय स्टेट बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | 1. मेसर्स जय मां ट्रैडर्स, प्रो0 भुवनेश्वर सिंह, पिता मुसाफिर सिंह, 2. दामोदर प्रसाद, ग्राम+ पोस्ट+थाना– महुआडांड़, जिला –लातेहार | 314947.12 | 0.00 | 314947.12 | निर्गत |
| 11 | 111 | 2018-19 | भारतीय स्टेट बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | 1. मेसर्स विशाल, प्रो0 रविन्द्र प्रसाद पिता राजेश्वर प्रसाद 2. उषा देवी, पति रविन्द्र प्रसाद, शास्त्री चौक, महुआडांड़, ग्राम+ पोस्ट+थाना– महुआडांड़, जिला –लातेहार | 334046.70 | 0.00 | 334046.70 | निर्गत |
| 12 | 65 | 2021-22 | भारतीय स्टेट बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | राहु साह, पिता मनु प्रताप साह, ग्राम–नगर, प्रतापुर, थाना–महुआडांड़ जिला–लातेहार | 484198.31 | 0.00 | 484198.31 | निर्गत |
| 13 | 77 | 2021-22 | भारतीय स्टेट बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | विनोद घासी पिता भगत धासी, ग्राम+नगर–प्रतापपुर, पो0+थाना–महुआडांड़ | 388184.00 | 0.00 | 388184.00 | निर्गत |
| 14 | 617 | 2022-23 | भारतीय स्टेट बैंक, भैसादोन, बालूमाथ | बैंक ऋण | अरूण केसरी, पिता भरत साव, ग्राम–कसियाडीह, मुरपा मोड़ पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 315952.00 | 0.00 | 315952.00 | निर्गत |
| 15 | 1 | 2005-06 | भारतीय स्टेट बैंक, चंदवा | बैंक ऋण | स्वयं सहायता समूह, अर्जुन सिंह पिता स्व0 मनपूरन सिंह 2. पृथ्वीनाथ सिंह पिता रामेश्वर सिंह 3. भोला सिंह पिता मनपुरण सिंह4. छत्रपाल सिंह पिता देवप्रसाद सिंह एवं अन्य सभी ग्राम+पो0'+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 305813.00 | 0.00 | 305813.00 | निर्गत |
| 16 | 74 | 2015-16 | भारतीय स्टेट बैंक, चंदवा | बैंक ऋण | असगर आलम पिता स्व0 मो0 हासीम, ग्राम–बारी, रामपुर, पो0 – बारी, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 369976.00 | 0.00 | 369976.00 | निर्गत |
| 17 | 91 | 2015-16 | भारतीय स्टेट बैंक, चंदवा | बैंक ऋण | बाबर खान, पिता ऐनुल खान, ग्राम–धाधू, पो0–भैसादोन, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार। | 475875.00 | 26000.00 | 449875.00 | निर्गत |
| 18 | 3 | 2017-18 | भारतीय स्टेट बैंक, चंदवा | बैंक ऋण | मनोज राम पिता गोनु राम, ग्राम–डुमारो, पो0 –निन्द्रा, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 352361.00 | 0.00 | 352361.00 | निर्गत |
| 19 | 4 | 2017-18 | भारतीय स्टेट बैंक, चंदवा | बैंक ऋण | मो0 वकील, पिता स्व0 अब्दुल क्युम, ग्राम+पो0 –सेरक, थाना– बालूमाथ, जिला–लातेहार | 400933.00 | 0.00 | 400933.00 | निर्गत |
| 20 | 402 | 2022-23 | भारतीय स्टेट बैंक, चंदवा | बैंक ऋण | कामरान खान, पिता मुस्ताक अहमद, जी0एम0 आफिस, सी0सी0एल0 रजहरा एरिया, चंदवा, लातेहार जिला–लातेहार | 428107.00 | 0.00 | 428107.00 | निर्गत |
| 21 | 12 | 2017-18 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | रमेश सिह, पिता रघुनन्दन सिंह, ग्राम –विनगड़ा, तरवाडीह, पो0–नावागढ़, थाना+जिला– लातेहार | 414734.00 | 29600.00 | 385134.00 | निर्गत |
| 22 | 13 | 2017-18 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | नन्दकिशोर सिह, पिता तपेश्वर सिंह, ग्राम –निन्दिर, पो0– डेमू , थाना+जिला– लातेहार | 392759.00 | 25000.00 | 367759.00 | निर्गत |
| 23 | 14 | 2017-18 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | राणा प्रताप सिंह, पिता स्व0 कन्हाई सिंह, ग्राम–रेहलदाग, पो0 –रिचुघुटा, थाना+जिला–लातेहार | 300639.00 | 11000.00 | 289639.00 | निर्गत |
| 24 | 4 | 2021-22 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | शशि कुमार पिता उपेन्द्र सिह, ग्राम–दौवदादा, थाना–सासाराम, जिला–रोहतास, पिन–821115 | 320816.00 | 0.00 | 320816.00 | निर्गत |
| 25 | 318 | 2022-23 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | सुशील कुमार, पिता राजदेव राय, थाना चौक, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 354716.00 | 0.00 | 354716.00 | निर्गत |
| 26 | 334 | 2022-23 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | नयार इकबाल, पिता मो0 खुर्शीद आलम, ग्राम–नेवाड़ी, पो0–मुरूप, थाना+जिला–लातेहार | 475782.00 | 0.00 | 475782.00 | निर्गत |
| 27 | 335 | 2022-23 | भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | विनोद राम, पिता बिरबल राम, ग्राम–कुन्दरी पो0–टेमकी, थाना+जिला–लातेहार | 360534.00 | 0.00 | 360534.00 | निर्गत |
| 28 | 33 | 2015-16 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, बालूमाथ | बैंक ऋण | इश्तियाक अहमद, पिता नूर हसन, तौहीद खान, बदरू निशा पति कासिम खां, सभी निवासी ग्राम–हुम्बू पो0–चीरू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 333227.00 | 83402.00 | 249825.00 | निर्गत |
| 29 | 44 | 2019-20 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | विजय सिह पिता रामप्यारे सिह ग्राम–बारियातु खालसा पो0+थाना+जिला–लातेहार | 354033.00 | 0.00 | 354033.00 | निर्गत |
| 30 | 46 | 2019-20 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | रघुवीर प्रसाद पिता रामगति साव ग्राम+पो0– जालिम, थाना+जिला–लातेहार | 466708.00 | 0.00 | 466708.00 | निर्गत |
| 31 | 48 | 2019-20 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | दशरथ यादव पिता गणपत यादव, ग्राम– गुरूगू, पो0–नावागढ़, थाना+जिला–लातेहार | 404478.00 | 0.00 | 404478.00 | निर्गत |
| 32 | 101 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | निशा देवी पति नरेश कुमार, ग्राम–होटवाग, पो0–पोचरा, जिला–लातेहार | 359131.00 | 303218.00 | 55913.00 | निर्गत |
| 33 | 197 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | अकबर खान, पिता निजामुदीन, ग्राम–पतरातु, पो0–कैमा, थाना+जिला–लातेहार | 453567.00 | 0.00 | 453567.00 | निर्गत |
| 34 | 202 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | सतगुरू शरणा, पिता बद्री प्रसाद गुप्ता, ग्राम–सेरनदाग, पो0–सेरनदाग, जिला–लातेहार | 407738.00 | 0.00 | 407738.00 | निर्गत |
| 35 | 210 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | श्याम किशोर, पिता रामनाथ प्रसाद, ग्राम–अम्बाटीकर, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 314984.00 | 0.00 | 314984.00 | निर्गत |
| 36 | 212 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | विजय कुमार साहु पिता नन्द लाल साहु, ग्राम–तापाखास, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 377916.00 | 0.00 | 377916.00 | निर्गत |
| 37 | 213 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | विजय सिंह, पिता रामप्यारे सिंह, ग्राम–बारियातु, पो0–लातेहार | 345513.00 | 0.00 | 345513.00 | निर्गत |
| 38 | 214 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | अब्दुल जब्बार पिता सखाबत मिंया, ग्राम–सुईया टोला, पो0–मासियातु, बालूमाथ, जिला–लातेहार | 443083.00 | 0.00 | 443083.00 | निर्गत |
| 39 | 215 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | राम बिहारी सिंह, पिता मनबहाल सिंह, ग्राम–ललगरी, पो0–पोचरा, जिला–लातेहार | 379392.00 | 0.00 | 379392.00 | निर्गत |
| 40 | 223 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | सुलेमान अंसारी, पिता स्व0 महबुब मिंया, ग्राम–हेठपोचरा, पो0–पोचरा, थाना+जिला– लातेहार | 387296.00 | 0.00 | 387296.00 | निर्गत |
| 41 | 237 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | अंजली पाण्डेय, ग्राम–थाना चौक, लातेहार, पो0+थाना+जिला– लातेहार | 354145.00 | 0.00 | 354145.00 | निर्गत |
| 42 | 242 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | निरंजन प्रसाद, पिता लक्ष्मण राय, ग्राम–धर्मपुर, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 337296.00 | 0.00 | 337296.00 | निर्गत |
| 43 | 246 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | दशरथ यादव, पिता गणपत यादव, ग्राम–गुरगु, पो0–नावागढ़, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 395158.00 | 0.00 | 395158.00 | निर्गत |
| 44 | 199 A | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | बैंक ऋण | महेन्द्र सिंह, पिता स्व0 मनपुरन सिंह, ग्राम–सुकरी, पो0–पोचरा, जिला–लातेहार | 311892.00 | 0.00 | 311892.00 | निर्गत |
| 45 | 303 | 2021-22 | आई0डी0बी0 आई0 बैंक, लातेहार | बैंक ऋण | प्रवीण राम पिता सुदर्शन राम, ग्राम–चैनपुर, जिला–पलामू | 363872.00 | 56537.00 | 307335.00 | निर्गत |
| 46 | 36 | 2021-22 | युनियन बैंक आफ इंडिया, लातेहार | बैंक ऋण | जितेन्द्र प्रसाद, पिता रघुवीर प्रसाद, ग्राम–जालिमखुर्द, लातेहार, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 324709.00 | 1000.00 | 323709.00 | निर्गत |
| 47 | 17 | 2016-17 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, बरवाडीह | बैंक ऋण | विनोद सिंह, पिता कईल सिंह, ग्राम–मंगरा, पो0+थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार | 343041.00 | 234772.10 | 108268.90 | निर्गत |
| 48 | 123 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, बारियातु | बैंक ऋण | ब्रहमदेव उरांव, पिता विशु उरांव, ग्राम–पुकचू, पोस्ट–डाढ़ा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 361063.00 | 0.00 | 361063.00 | निर्गत |
| 49 | 147 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, बारियातु | बैंक ऋण | धनेश्वर साव पिता भुखल साव, ग्राम–राजगुरू, पो0–शिबला, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 460208.00 | 0.00 | 460208.00 | निर्गत |
| 50 | 232 | 2019-20 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | विनोद प्रसाद, पिता ननदेव साव, ग्राम+पो0+थाना–महुआडांड़ जिला–लातेहार | 462889.00 | 304000.00 | 158889.00 | निर्गत |
| 51 | 238 | 2019-20 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | बिनोद घासी पिता भगतु घासी, ग्राम–नगर प्रतापपुर, पो0+थाना–महुआडांड़ जिला–लातेहार | 324140.00 | 0.00 | 324140.00 | निर्गत |
| 52 | 239 | 2019-20 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, महुआडांड़ | बैंक ऋण | मो0 आदिल, पिता मो0 अनीश, ग्राम–अमवाटोली, पो0+थाना–महुआडांड़ जिला–लातेहार | 327588.00 | 0.00 | 327588.00 | निर्गत |
| 53 | 19 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | बैंक ऋण | रवि शंकर राम, पिता फली राम, ग्राम–सेमरटाड़, शाहपूर, पोस्ट+थाना –चैनपूर, जिला –पलामू | 409417.00 | 40000.00 | 369417.00 | निर्गत |
| 54 | 129 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | बैंक ऋण | रामकेश्वर लोहरा, पिता धुंशी लोहरा, ग्राम–परसही, पोस्ट–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 442251.00 | 34400.00 | 407851.00 | निर्गत |
| 55 | 130 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | बैंक ऋण | बालेश्वर यादव पिता धनेश्वर यादव, ग्राम–सीरम, पोस्ट–मक्का, थाना–जोबांग, जिला–लोहरदगा | 342319.00 | 66300.00 | 276019.00 | निर्गत |
| 56 | 4 | 2018-19 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | बैंक ऋण | मुनेश्वर उरांव, पिता सिरिस्ता उरांव, ग्राम–हेसला, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 340920.00 | 200000.00 | 140920.00 | निर्गत |
| 57 | 5 | 2018-19 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | बैंक ऋण | मुनेश्वर उरांव, पिता सिरिस्ता उरांव, ग्राम–हेसला, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 496074.00 | 175000.00 | 321074.00 | निर्गत |
| 58 | 121 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, टोरी, चंदवा | बैंक ऋण | मजरूल हक पिता एनुल खान, ग्राम+पोस्ट– कामता, थाना– चंदवा, जिला –लातेहार | 494095.00 | 67749.00 | 426346.00 | निर्गत |

PR 291027 Latehar(22-23).D

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बच्चों में ड्रग्स और मादक द्रव्यों के सेवन व अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बच्चों में ड्रग्स और मादक द्रव्यों के सेवन एवं अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक से किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 और 78 के अन्तर्गत थानों में किये गए एफआईआर की जानकारी विस्तृत जानकारी ली गई। बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी को इस संदर्भ में प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी भी लिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालयों में प्रहरी क्लब का गठन, सीसीटीवी अधिष्ठापन की मौजुदा स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि कोटपा एक्ट के तहत 100 मीटर की परिधि में कोई भी तंबाकु विक्रेता का दुकान नहीं होना चाहिए। इसकी मौजुदा स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।डी एडीक्शन सेंटर्र खोलने को लेकर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा जानकारी ली गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि माननीय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा 18 बिन्दुओं पर मांगी गई प्रतिवेदन को अविलम्ब जिला बाल संरक्षण कार्यालय चतरा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु0), उत्पाद अधीक्षक, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य, किशेर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं चाईल्ड लाईन के कार्यकर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## भूईयां समाज के जिला अध्यक्ष बने राजेंद्र भुइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति प्रदेश कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुलाल भुईयां पूर्व मंत्री झारखंड ने मटलोंग निवासी राजेंद्र भुईयां को अखिल भारतीय भूईयां समाज कल्याण समिति का कचहरी परिसर में लातेहार जिला अध्यक्ष मनोनीत किया जिससे स्थानीय जिले के वरिष्ठ समाजसेवी समाज के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाया। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुइया को मनोज भुइया, नारायण भुइया, प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र भुइया, प्रदीप भुइया, हेमलाल भुईयां सहित सभी लोगों ने स्वागत किया। राजेंद्र भूईयां ने कहा कि मैं अपने समाज के उत्थान के लिए हर समय प्रयासरत रहूंगा। हर सुख दूख में मैं सभी के साथ रहूंगा। साथ ही अपने संगठन को मजबूत बनाने का काम करुंगा। उन्होंने कहा कि हम माता शबरी के वंशज है। इन्हीं के विचार को हम मन, कर्म व वचन से समाज की सेवा करता रहूंगा। आज हमारा समाज अशिक्षित व आर्थीक दृष्टि से बहुत ही कमजोर है। जिसको मजबूत करके हम लातेहार जिला में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## बीओआई बैंक ने मृतक के पत्नी को दो लाख बीमा की राशि का किया भुगतान



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के जिरुआ खुर्द पंचायत के भूतहा गांव के मृतक स्व ननकू गंझू के पत्नी अनिता देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत दो लाख रूपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान गुरुवार को बैंक ऑफ़ इंडिया बगरा शाखा के द्वारा किया गया।शाखा प्रबंधक ने उक्त राशि को को मृतक की पत्नी के खाता में भेजा दिया है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि वर्ष 2021 में ननकु गंझु का मौत सड़क दुर्घटना में हो गया था ननकु ने बैंक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा कराया था। जिसका लाभ अनिता देवी को दिया गया। मौके पर रंजीत कुमार प्रजापति और बैंक कर्मी मौजूद थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 240 मरीजों को किया इलाज, मुफ्त में दवाओं का किया गया वितरण




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नगर परिषद क्षेत्र के अंसार नगर दर्जी महल्ला स्थित मूसा मेमोरियल हाई स्कूल के निकट यू एस पब्लिक स्कूल तथा स्थैतिक औषधालय चतरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 240 मरीजों का मुफ्त ईलाज एवं दवा का वितरण किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर जे एस होरो ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद हबीब, अध्यक्ष फजलू रहमान, डायरेक्टर अफसर खान, प्रिंसिपल शीश नैयर, सैयद हबीब, मोहम्मद वसीम अकरम, अबू जेबी अख्तर, मोहम्मद तोहिद, ने अहम भूमिका निभाया। शिविर में ज्यादातर महिलाओं ने उपचार कराया। महिला समस्या से लेकर बीपी बुखार दमा खांसी निमोनिया एवं अन्य मरीजों ने इलाज कराया। डॉक्टर जेएस होरो ने कहा कि प्रत्येक माह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

## डीवीसी विस्थापितों ने 33 सूत्री मांग के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी तूबेद कोल माइंस के खिलाफ जन मजदूर परिवार संघ ने 33सूत्री मांगो को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा है विस्थापित रैयतों को नौकरी मुआवजा क्षेत्र का विकास करने स्कूल अस्पताल सड़क सहित 33 सूत्री मांगे हैं। मजदूर परिवार संघ के अध्यक्ष मो समशेर आलम के साथ आमिर हजमा, सुरेंद्र सिंह, मो अफाक, मंजर हुसैन, सतीश सिंह, तौहीद आलम, संजर हुसैन, फैजान रजा, सब्बा, करीम, असगर अंसारी, मो राशिद अंसारी, मंजूर आलम आदी संयुक्त रुप से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर संज्ञान लेने की मांग किया ज्ञापन में कहा है की डीवीसी कंपनी बाहरी लोगों को रोजगार देने का काम कर रही है और यहां के लोग मजबूरन लायन कर रहे हैं डीवीसी कंपनी किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं कर रही है रैयत को सही मुआवजा नहीं दे रही है और विस्थापित को कंपनी उठाई भी नहीं है और कंपनी अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है कंपनी अपना मनमानी ढंग से कार्य कर रही है ग्रामीणों के मांग पत्र मजदूर परिवार संघ के द्वारा मांग पत्र सौंपा जा रहा है और संघ ने कहा कि डीवीसी कंपनी अगर हम लोगों की मांग को डीवीसी तूबेद कोल माइन्स कंपनी दो मार्च 2023 तक जवाब नहीं देगी तो प्रभावित लोग विस्थापित ग्रामीण जनता द्वार डीवीसी कंपनी तूबेद कोल माइंस के कार्य संवैधानिक तरीके से बाधित कर दिया जाएगा। विस्थापितों ने उपायुक्त लातेहार के अलावे अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार राज्यपाल झारखंड श्रम नियोजन मंत्री झारखंड एवं डीवीसी तूबेद कोल माइंस पदाधिकारी लातेहार डीवीसी अध्यक्ष कोलकाता प्रतिलिपि भेजा गया है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के शिक्षण प्रशिक्षण मैदान में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने शानदार प्रतिभा दिखाई जहां उनके द्वारा विभिन्न विषयों पर बनाए गए मॉडल को खूब सराहा गया। प्रदर्शनी में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, रोहिणी देवी और संस्थान के प्राचार्य अमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक सोंच को सराहा तथा उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक का है। विद्यार्थी इसके साथ आगे बढ़े और देश को भी आगे बढ़ाएं। जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी विद्यार्थियों के मॉडल को सराहा और न्यूनतम संसाधन में बेहतर प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को उत्तरोत्तर अपनी प्रतिभा को सवारने की अपील की। संस्थान के प्राचार्य अमित कुमार ने बताया कि संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर अग्रसर करना है ताकि वे सही दिशा में अपना परिश्रम लगा सकें। मौके पर संस्थान के कर्मचारी, विद्यार्थी और गणमान्य तथा बुद्दिजीवी लोग मौजूद थे।

## गिद्धौर से बरहमपुर की सड़क जर्जर राहगीर होते हैं दुर्घटनाओं का शिकार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर से ब्रह्मपुर बारिसाखी डढुवा रुपीन सिन्दवारी मायाडी जैसे कई छोटे बड़े गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जो गिद्धौर से बरहमपुर की दूरी लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क है। जो बिल्कुल जर्जर अवस्था में हो चुका है।कई स्थानों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। तो कई जगह पत्थर निकल आए हैं। काफी अरसे से इस सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई है और इस लंबी सड़क में प्रतिदिन कहीं ना कहीं दुर्घटना होते रहते हैं। यह गिद्धौर का प्रमुख सड़क है। इस संडक गिद्धौर पत्थलगड़ा इटखोरी सिमरिया व अन्य प्रखंड को जोड़ती है एवं लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में सड़क जर्जर रहने से मार्ग से गुजरने वाले राहगीर बाधाओं का सामना करना पड़ता हैं। बीते दिन कई लोग गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। लोगों ने कई बार विभाग एवं प्रशासन से इसकी मरम्मत या नया बनवाने की मांग कीया है। अब तक कहीं से कुछ भी सुगबुगाहट नहीं है। इस सड़क को बने हुए तकरीबन 10 से 12 वर्ष हो चुका है।

## जय माता दी के जयकारा से गूंजा महुआडांड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को मां दुर्गे की 15 वर्षगांठ में पूरे धूमधाम के साथ जल यात्रा संपन्न हुआ जल यात्रा में महुआडांड़ दुर्गाबाड़ी से शुरू होकर छठ घाट में सर्वेश पाठक के मंत्र उच्चार के द्वारा किया गया एवं सत्येंद्र प्रसाद एवं उनकी पत्नी विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। महुआडांड़ दुर्गाबाड़ी में विशाल भंडारा का आयोजन भंडारा का विधिवत रूप से महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजुर महुआडांड़ थाना के एसआई कमर आलम, राकेश कुमार संजय रतन में विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर किय। सभी को बारी बारी से अंग वस्त्र देकर स्वागत भी किया गया। इस सभी मुख्य कार्य में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, संजय जयसवाल, मोहन जायसवाल, राकेश कुमार भानु प्रसाद, बजरंग दल के सूरज साहू, प्रदीप जयसवाल, राजन साहू, राहुल राज एवम् सैकड़ों में लोग शामिल थे। महुआडांड़ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद कमर आलम ने भाई चारा का संदेश देते हुए लोगो को सुनाया मां दुर्गे की भगति गाना खूब लोगो ने प्रशंसा किया।

## हाइवा में लगी आग, चालक का जला शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया साइडिंग मे आरकेटीसी कम्पनी के हाइवा चालक का संदिग्ध अवस्था मे जली हुई शव को बरामद किया गया. हाइवा वाहन तीन दिनों से ब्रेक डाउन था. देखने से प्रतीत हो रहा था की ड्राइवर के मौत के पूर्व बैट्री व गेयर बॉक्स निकाला गया था. जिससे सॉट सर्किट होने की कोई सम्भावना नहीं बताई जा रही थी.नौवाखाप निवासी रुपलाल महतो (26) पिता सिलनाथ महतो उर्फ़ टीपू महतो पंचायत पचड़ा केरेडारी थाना क्षेत्र निवासी आरकेटीसी कम्पनी के हाइवा जेएच 01डीटी 8380 का चालक था. हाइवा तीन दिन से ब्रेक डाउन अवस्था के फूलबसिया साइडिंग के सौ मीटर दुरी मे खड़ा था. उसी वाहन वाहन सहित चालक दोनों को जला हुआ शव देखकर लोगों पुलिस की जानकारी दी गई. घटना की सुचना मिलते ही लातेहार एसपी अंजनी अंजन बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार सिंह बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. घटना के सम्बन्ध मे ग्रामीणों से पूछ ताछ किए. इधर मगध आम्रपाली अटेक यूनियन सेकरेट्री बिनोद बिहारी पासवान समाजसेवी ईश्वर साव, कामेश्वर महतो बड़कागाँव निवासी. चालक मो अख्तर अंसारी सहित यूनियन के दर्जनों हाइवा चालकों ने आरकेटीसी कम्पनी से मृतक के परिजनों को पंद्रह लाख मुआवजा राशि व पत्नी की सरकारी नौकरी मांग सहित उचित जाँच कर दोषियों को अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की। घटना की सुचना मिलने के बाद बीस सूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने भी प्रसाशन से निष्पक्ष जाँच करवाने की माँग की। आसपास के ग्रामीण ने बताया की फूलबसिया साइडिंग में आरकेटीसी, पीएनएम, सैनिक, टायकोंन सभी पांच कंपनीयां काम करती है. लेकिन सड़क मे पानी छिड़काव नहीं की जाती है जिससे यहां के लोग प्रतिदिन धूल फांकने को बिवश हैं।

## डायन कुप्रथा को लेकर अभियान चलाया गया

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लाटू गाँव मे ममता रोष कुजूर ने नौ सदसीय टीम के साथ डोर टू डोर दो दिवसीय अभियान चलाकर जागरूक किया गया। वहीं घर-घर जाकर लोगों से मिलकर अंधविश्वास से दूर होने की सलाह दी गई। साथ ही किसी महिला या पुरुष को डायन ओझा गुणी कहना कानूनी अपराध है. लोग अंधविश्वास मे पड़कर डायन ओझा गुणी की बात पर बाद विवाद करते हैं। कई जगहों मे हत्या बाल मुड़वाना, प्रताड़ित करने सहित अन्य बड़े अपराध करने वाले लोगों को क़ानून व सजा के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई साथ ही लोगो को विभिन्न प्रकार के चर्चा कर जागरूक किया गया। मौके पर जेएसपीएलएस के प्रखंड समन्यवक सुनील कुमार सहित अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

## जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ दुर्गा सोरेन के सेना करेंगे आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा जिला दुर्गा सोरेन सेना की बैठक गुरुवार को मुरवे स्थित स्टेडियम में केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया।जबकि संचालन राजकिशोर कमल उर्फ पिंकू ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय संगठन सचिव एवं कार्यालय प्रभारी सुभाष सिंह, केंद्रीय सचिव मनोज राणा, केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश पांडे उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।साथ हीं पूरे चतरा जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया।वही जल जंगल जमीन हमारा है इसे लूटने नहीं देंगे पर चर्चा किया गया। बैठक में किसानों का कर्ज माफी जल्द नहीं हुआ तो पूरे जिले में आंदोलन तेज किया जाएगा। खाद आपूर्ति में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चर्चा की गयी। बैठक में जिला प्रवक्ता ने कहा कि पूरे चतरा जिले में हम तमाम संगठन के लोग घूम घूम कर संगठन को धार दार बनाएंगे और चतरा जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को तेज करेंगे। संगठन सचिव केंद्रीय कार्यालय प्रभारी ने कहा कि यहां के भोले भाले जनता को वरिष्ठ पदाधिकारी परेशान ना करें नहीं तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए हम लोग तैयार हैं। बैठक में सिमरिया प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रभारी प्रदीप महतो को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य कैलाश सिंह, टेकलाल महतो, वकील पासवान, प्रकाश राम, गुलाब राम, विजय राणा, मुकेश पासवान, सिमरिया प्रखंड सचिव सुगन साव, अजय साव, मयुरहंड प्रखंड सचिव दिनेश यादव, नगर अध्यक्ष डब्ल्यू सोनी, केथा राणा, जोधन साव, शिवदयाल साहू, धीरेंद्र सिंह, दशरथ साहू, रघु उरांव, दिनेश सिंह, मोहम्मद मुबारक अंसारी, विजय राणा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एनएसएस इकाई द्वारा लगाए गए सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

## स्वच्छता और सड़क सुरक्षा पर लोगों को किया गया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** वोनिबा भावे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के निर्देशन में एनएसएस यूनिट राम नारायण मेमोरियल कॉलेज हंटरगंज के द्वारा ग्राम डुमरी कलां में लगाए जाने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएस पीओ डॉ फहीम अहमद ने किया। कार्यक्रम का आगाज एनएसएस के लक्ष्य गीत और क्लैपिंग से किया गया। पुरे ग्राम में घूम कर बेरोजगारी उन्मोलन और स्वच्छता के बाबत सिर्फ बताया ही नहीं गया बल्कि मंदिर की सफाई एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा करके बताया गया साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई अहम बातें अभी रखी गई। बगैर हेलमेट पहन कर गाड़ी चलने वाले लोगों को जीवन रक्षा करने की सलाह दी गई। बताया गया की जीवन अनमोल है इस की रक्षा करने के परती जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोग सुरक्षित वाहन चलाएं और दूसरों को भी सुरक्षित गाड़ी चलाने का सलाह दें। जब स्वन्य सफाई पर ध्यान दें और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तभी एक बेहतर नागरिक साबित हो सकते हैं। देश का कल्याण तभी संभव है जब हम राष्ट्र और मानवहित के कल्याणकारी में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। स्वच्छता से कई जान लेवा बीमारी से बचा जा सकता है और इसी उद्देश से विभिन्न बिंदुओं पर सात दिनों में चर्चा किया गया ताकि लोगों में जागरूकता आए और अपनी बुनियादी फर्ज को समझ कर अपने जीवन में उतारने का प्रयास किए जाने पर बल दिया गया। इस मौके पर ऋषभ राज गुप्ता, नितेश कुमार, सारजन कुमार, स्नेह लता, शिल्पी कुमारी, मधु कुमारी, कृति कुमारी, मो जावेद अख्तर, मो फैजान खालिद के अतिरिक्त दर्जनों सवन्य सेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।

## सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना में लोक जन सुनवाई का कार्य हुआ संपन्न



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उड़सू गाँव में सीसीएल की चन्द्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के द्वारा आयोजित लोक जन सुनवाई कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न। इस मौके पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह अंचलाधिकारी विजय कुमार दास, पर्यवरण विभाग के अधिकारी समेत अन्य कई अधिकारी व ग्रामीण भू रैयत मौजूद थें।

## भुगतान प्राधिकारी सभा सह ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** भारतीय जीवन बीमा निगम जमशेदपुर मंडल खलारी (माण्डर) शाखा आपकी संस्था (एलआईसी)आपके द्वार भुगतान प्राधिकार सभा सह ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन एनके एरिया डकरा भीआईपी साभार में किया गयं. भुगतान प्राधिकार सभा सह ग्राहक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम व विशिष्ट अतिथि एलआईसी ब्रांच मैनेजर पी एस विष्ठ मुख्य रूप से उपस्थित थे. समारोह की शरूआत दीप प्रज्वलित कर शांति वंदना के साथ शरू किया गया. इस दौरान सीसीएल अधिकारियों व एलआईसी पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम खलारी शाखा से सीसीएल एनके एरिया का पुराना संबंध रहा है.सीसीएल कर्मी एलआईसी की सैलरी सेविंग स्कीम के तहत जो योजना है,उसे काफी लाभान्वित हो रहे हैं इसमें एलआईसी पदाधिकारियों का काफी सराहनीय योगदान रहता है. कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक राजीव कुमार सिंह ,एनके एरिया के कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुमार आदि लोगों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन विजय गांगुली व धन्यवाद ज्ञापन सीनियर बिजनेस एसोसिएट हिमांशु विकास चक्रवर्ती ने दिया. मौके पर के के झा, संजय कुमार शर्मा, सुभम पासवान, कृष्णा नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखण्ड बाल संरक्षण आयोग के सदस्य खलारी पहुंचे, अधिकारियों को बतायी उनकी जिम्मेदारी, सुधार का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में नावनिहल गरीब बच्चों के साथ हो रहे खिलवाड़ की शिकायत पर झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य का एक व्यक्ति खलारी प्रखंड पहुंचे. खलारी पहुंचने पर बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्वल कुमार तिवारी को अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या, प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग, पीएचसी प्रभारी डॉ0 इर्शाद,केडीएच परियोजना पदाधिकारी ने बुके देकर स्वागत किया. उसके बाद खलारी प्रखंड सभागर व डकरा भीआईपी में प्रखंड क्षेत्र के गरीब बच्चों के ऊपर हो रहे शोषण पर चर्चा किया गया. जिसमे प्रखंड के जिम्मेदार पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए श्री तिवारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर प्रखंड क्षेत्र में छोटे बच्चों के द्वारा कोयला,बालू, ईट भट्ठा,होटेल में बाल मजदूरी करायी जा रही है. जो एक अमान्य है. प्रखंड में जिम्मेवार अधिकारी के होते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खेला जा रहा है,ये अधिकारियों की नाकामी है. इसे जल्द ही सुधार करें. उन्होंने कहा कि डकरा खलारी कोयलांचल क्षेत्र के बच्चो का काफी शोषण हो रहा है ईट भट्ठा ,सैलरी उठाव, कोयले के उत्खनन एवं तस्करी में बच्चों से काम लिया जा रहा है इसके जिम्मेवार माता-पिता के साथ-साथ काम कराने वाले भी है. उस पर जल्द ही कार्रवाई करें. उन्होंने कहा इस क्षेत्र से उनके पास बाल शोषण को लेकर काफी शिकायतें आ रही थी. यहां प्रदूषण व उड़ती धूल से छोटे-छोटे बच्चों में कई तरह की बीमारियां फैल रही है।




## जनता मजदूर संघ के आह्वान पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** जनता मज़दूर संघ के आह्वान पर डकरा के कामगारों द्वारा दिनांक 22 फरवरी से 24 फरवरी तक याचिका हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा. जिसमे बड़ी संख्या में डकरा परियोजना के कामगार भाग ले रहे है. हस्ताक्षर अभियान में मांग है कि डकरा परियोजना अंतर्गत आवास, डकरा इकाई के पात्रता रखने वाले कामगारों को आवंटन करने के पक्ष में। उपरोक्त मांगों के समर्थन में सभी यूनियन के सदस्य भी हिस्सा ले रहे है. याचिका क्षेत्रीय महाप्रबन्धक व् सभी क्षेत्रीय सलाहकार सदस्यों के नाम प्रेषित है. ज्ञात हो की जनता मज़दूर संघ डकरा परियोजना का आवास गैर पात्रता रखने वाले अन्य क्षेत्रों के लोगो के देने का विरोध कर रहा। पिछले डकरा के डम्फर ऑपरेटर प्रभु गंझू के आवास आवंटन बी/191 नही करने व् अन्य कर्मी डकरा के जिन्हें आवास की सख्त जरूरत है, वो भाड़े में रह रहे वैसे को आवास दिलाने को लेकर विजिलेंस में शिकायत भी किया है. इसी मुद्दे को लेकर संगठन के डकरा इकाई द्वारा आगामी 25 फरवरी को परियोजना कार्यालय के समक्ष सांकेतिक अनशन करने की घोषणा कर रखा है. अनशन को लेकर लगातार संगठन ने डोर टू डोर कैम्पियन भी चला रहा।

## प्रिस्टीन केयर ने की पूर्वी भारत में अपनी स्थित मजबूत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अग्रणी हैल्थकेयर सैकंडरी सर्जरी प्रदाता, प्रिस्टीन केयर ने पूर्वी भारत में अपनी स्थित और ज्यादा मजबूत कर ली है। इसने 60 से ज्यादा अस्पतालों के साथ साझेदारी की है, और कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, राँची, गुवाहाटी और सिलिगुड़ी में 50 क्लिनिक्स लॉन्च किए हैं। पूर्वी क्षेत्र में 100 से ज्यादा सर्जन्स के साथ कंपनी पिछले साल 1 लाख से ज्यादा मरीजों को परामर्श प्रदान कर चुकी है। कंपनी का उद्देश्य साल के अंत तक और ज्यादा शहरों में विस्तार करते हुए अपनी पहुँच को दोगुना करना है।प्रिस्टीन केयर 15 से ज्यादा सर्जिकल श्रेणियों में काम करता है, जिनमें सामान्य सर्जरी, ऑफ्थेल्मोलॉजी, ईएनटी, यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी आदि हैं। यह आईवीएफ,हेयर ट्रांसप्लांट और बैरियाट्रिक्स में विस्तार करने की योजना में है।

## जीईएमपीएल ने इलेक्ट्रिक टू-व्हील स्कूटर लॉच किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड के ई-मोबिलिटी बिज़नेस, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राईवेट लिमिटेड (जीईएमपीएल) ने एक एंट्री-लेवल, स्पोर्टी ई-स्कूटर, एंपियर ज़ील ईएक्स पेश किया है। यह युवाओं को शहर में राईड का आरामदायक और सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। नया ज़ील ईएक्स मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, और झारखंड में 69,900 रु. (प्रभावी मूल्य) के आकर्षक इंट्रोडक्टरी मूल्य में पेश किया गया है। इसके अलावा, खरीददारों को 6000 रु. तक के आकर्षक बेनेफिट्स भी मिलेंगे। ये बेनेफिट्स 31 मार्च, 2023 तक लागू रहेंगे। नया ज़ील ईएक्स एक स्पोर्टी इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसके युवा स्टाईल एवं स्पोर्टी डैकल और ड्युअल टोन कलर के कारण यह युवा पीढ़ी के लिए एक आकर्षक उत्पाद है। ज़ील ईएक्स की सर्टिफाईड रेंज 120 किलोमीटर. है, और इसमें कैन-इनेबल्ड लीथियम-आयन बैटरी, शक्तिशाली बैटरी पैक, विभिन्न राईड मोड्स, साईड स्टैंड सेंसर, आदि खूबियाँ हैं।

## संत गाडगे बाबा की जयंती मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** अंबेडकर पार्क डकरा में संत गाडगे बाबा की जयंती सुखराम सेठ की अध्यक्षता में सादे समारोह के साथ मनाया गया.सर्वप्रथम समाज के लोगों ने संत गाडगे बाबा की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. अथवा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी मंथन किया गया. संत गाडगे बाबा की जीवनी पर प्रकाश डाला गया. बाबा का मुख्य उद्देश्य था भूखे को भोजन दें ,प्यासे को पानी दे, निर्धन को वस्त्र दे , सबका कल्याण हो , कोई भी प्राणी भूख से ना मरे. इस दौरानउपस्थित सदस्यों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर अनूप रजक, सनुप बैठा, घनश्याम रजक, राजेश कुमार, कृष्णा रजक, योगेंद्र रजक, विनोद कुमार, राम जगत बैठा, उपेंद्र रजक, मोनू रजक, रंजीत रजक, वीरेंद्र रजक, जीवन कुमार रजक, किशोर रजक, खिक राम बारिक, ध्वजा राम धोबी , कन्हाई पासी, देवपाल मुंडा, अमरलाल सतनामी, एवं पूर्वी के मुखिया सेवा उराव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## होली की ख़ास कलेक्शन के साथ दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी 2 मार्च से

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली की खास कलेक्शन के साथ रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 19वें संस्करण का आयोजन 2 मार्च व 3 मार्च 2023 को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलु सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि पटना में फैशन और जीवनशैली के बदलते रुझानों का लाभ उठाने के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के सभी राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, परिधान उपलब्ध होंगे। हमने प्रदर्शनी के इस संस्करण को हमारे आगंतुकों और खरीदारों की मांगों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से त्योहारों और वेडिंग कलेक्शंस की मांग पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बताया कि इस बार के प्रदर्शनी में देश भर के बुटिक्स के कपड़े शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में देशभर से कुल 40 स्टॉल्स लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी सुबह 10ः00 बजे से रात 9ः00 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला है जिसमें ग्राहकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

## मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद आरती सिन्हा, विशिष्ट अतिथि कृष्णा प्रताप सिन्हा, व कॉलेज के एजुकेशन डायरेक्टर सेवानिवृत्त कर्नल एआर सिन्हा उपस्थित थे. समारोह की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कॉलेज के 11 वीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया. इस दौरान सत्र 2021 - 23 के 12 वीं के विद्यार्थियों ने 11वीं के छात्रों को सफलता का गुर बताया, व समय नियोजन कर पढ़ाई करने की बात कही. कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा ने विदाई लेने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी . इस अवसर पर आनंद कुमार, आशा देवी, मंतोष कुमार, मुकेश कुमार, मिथुन दत्ता, महादेव मुंडा, स्वेता प्रजापति अन्य उपस्थित थे।

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**सूचना**

राँची जिला अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे लाभुकों को पेंशन की राशि का भुगतान प्रति माह ABPS/PFMS के माध्यम से उनके बैंक खाता में किया जाता है। वैसे सभी लाभुकों जिनके खाते में माह फरवरी–2023 का पेंशन राशि का भुगतान विभिन्न कारणों यथा "आधार निष्क्रिय (Inactive) होना, बैंक खाता बंद होना, बैंक खाता से आधार नं० लिंक (Aadhar Mapping) नही होना, केवाईसी (KYC) नहीं होना इत्यादि" से सफल नहीं हो पाया है, उनकी सूची (कारण सहित) संबंधित प्रखण्ड/अंचल कार्यालय को उपलब्ध करा दिया गया है। वैसे सभी लाभुकों से अपील है कि यथाशीघ्र वह अपने संबंधित बैंक/प्रखण्ड/अंचल कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक सुधार करवायें ताकि उनके बैंक खाते में निर्बाध रूप से पेंशन की राशि का भुगतान किया जा सके।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा, राँची

PR 291046 District(22-23)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कांके स्थित कांके हाट पी0डब्लू0डी0 कॉलोनी के पास अर्द्धसप्ताहिकी हाट की वार्षिक नीलामी 15 मार्च 2023 से 14 मार्च 2024 तक के लिए मुहरबंद लिफाफे के द्वारा दिनांक 04.03.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 04.03.2023 को 3.30 (अपराह्न) नीलामीदाता के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक नीलामी देने वाले को नीलामी की राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन के रूप में (राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (अष्टम निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पास बुक /Fixed deposits of a scheduled Bank (minimum three years) मुहरबंद लिफाफे में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञित कराकर देना होगा जिसकी नीलामी दर उच्चतम होगा उसे दूसरे दिन नीलामी की पूरी रकम का बैंक ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से जमा कर देना होगा। बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच राँची में भुगतेय होगा। नीलामी की न्यूनतम राशि 7,60,200/– (सात लाख साठ हजार दो सौ रूपये) मात्र होगी।

अन्य विवरणी एवं आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, कांके से कार्य अवधि में प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं०–1, राँची।

PR.NO.291071 Building(22-23):D

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, राँची (उद्यान निदेशालय) कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गोड्डा

**आम सूचना**

राज्यादेश सं0 24 दिनांक 04.08.2022 उद्यान विकास की योजना एवं राज्यादेश सं0 25 दिनांक 04.08.2022 राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिलों में योजना के तहत जिले के इच्छुक कृषक/कृषक समूह/महिला समूह/FPO/को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अवयवों हेतु अनुदानित दर पर कृषकों के निजी भूमि पर कार्य करने हेतु पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01.03.2023 तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य | | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | OSP | SCSP | |
| 1 | उद्यान विकास की योजना | खुले वातावरण में फूल की खेती | 13.5 एकड़ | 9 एकड़ | प्रति हे0 कुल लागत 40000.00 का 50% अनुदान– 20000.00 |
| 2 | राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिलों में योजना | लूज फ्लावर की खेती | – | 10 हे0 | प्रति हे0 कुल लागत 40000.00 का 40% अनुदान– 16000.00 |

उक्त कार्य अवयव हेतु आवश्यक बिन्दु निम्नवत् है :–

1. FPO/ JSLPS से कृषक समूह/अन्य कृषक समूह को प्राथमिकता दिया जाएगा।
2. उक्त योजना हेतु SC/ST/ लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. आवेदन निःशुल्क कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
4. योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड उद्यान मित्र/सब्जी प्रसार कार्यकर्ता से प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजनाओं को चयन प्राथमिकता के आधार पर क्लस्टर में किया जाना है।
6. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जमीन का अद्यतन रसीद/पंचायत प्रतिनिधि से सत्यापित वंशावली जमा करेंगे।

जिला उद्यान पदाधिकारी
गोड्डा

PR 291057 District (22-23)_D

### GOVERNMENT OF JHARKHAND URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित मद | | | | | | | |
| 1 | 12 | UDD/NPB/04/2022-23 (2nd Call) | Construction of Community Hall Cum Ward Vikash Kendra in ward no. 12 | 4631879.00 | 92640.00 | 10000.00 | 12month |
| 2 | 11 | UDD/NPB/05/2022-23 (2nd Call) | Construction of Community Hall Cum Ward Vikash Kendra in ward no. 11 | 4631879.00 | 92640.00 | 10000.00 | 12month |
| 3 | 14 | UDD/NPB/06/2022-23 (2nd Call) | Construction of Community Hall Cum Ward Vikash Kendra in ward no. 14 | 4631879.00 | 92640.00 | 10000.00 | 12month |
| 4 | 04 | UDD/NPB/07/2022-23 (2nd Call) | Construction of Community Hall Cum Ward Vikash Kendra in ward no. 04 | 4631879.00 | 92640.00 | 10000.00 | 12month |
| 5 | 13 | UDD/NPB/08/2022-23 (2nd Call) | Construction of Community Hall Cum Ward Vikash Kendra in ward no. 13 | 4631879.00 | 92640.00 | 10000.00 | 12month |
| 6 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 23.02.2023 05:00 pm | | | |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | | | 23.02.2023 05:00 pm | | | |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | | 04.03.2023 05:00 pm | | | |
| 9 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | | 10.03.2023 Till 01:00 pm at Bishrampur Thana | | | |
| 10 | Date Of Bid Opening | | | 13.03.2023 12.30 pm | | | |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | Nagar parishad Bishrampur | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 9525633383 | | | |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 9771761820 | | | |

**NOTE: -** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Nagar Praishad, Bishrmapur.

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 291089 District (22-23)_D

### कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 38/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 01/03/2023 एवं 02/03/2023(अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 03/03/2023. को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03/03/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT/SCA मद

| क0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | DMFT | विज्ञान केन्द्र के बगल में अवस्थित केन्द्रीय पुस्तकालय की भूमि पर बालिका पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य। | गुमला | 8810300.00 | 10000.00 | 176300.00 | 6 माह |
| 2 | | Construction Of Drain (Size 0.60 X 0.60 M) with R.C.C. Slab At-Gurdari Thana Campus | विशुनपुर | 1514000.00 | 5000.00 | 30300.00 | 3 माह |
| 3 | SCA | Repair of Market Complex and Construction of Two Units Toilet and Urinal at Albert Ekka Stadium Market Complex , Gumla, Block-Gumla, | गुमला | 1565000.00 | 5000.00 | 78300.00 | 3 माह |
| 4 | PMAAGY (ITDA) | Reapir of Model AWC & Chabutra, Vill-Mahuda, | सिसई | 777500.00 | 1250.00 | 15600.00 | 2 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. भवन कार्य से संबंधित गत वर्ष निविदा के प्राक्कलन राशि का 80% का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
8. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।

PR.NO.291064 Rural Development(22-23):D

### कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

**अल्पकालिन सैरात बंदोबस्ती डाक की आम सूचना 02/2022–23.**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क एवं बाजार सैरात (फूटपाथ दुकानदार) से प्रवेश शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए बन्दोवस्त की जायगी। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि एवं समय | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 770000 (सात लाख सत्तर हजार रूपए मात्र) | 77000 (सतहत्तर हजार रूपए मात्र) | दिनांक–02.03.2023, समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–02.03.2023, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000 (पॉच हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| 02 | बाजार सैरात फूटपाथ दुकानदार (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 616245 (छह लाख सोलह हजार दो सौ पैतालिस रू0 मात्र) | 61625(एकसठ हजार छः सौ पचीस रू0 मात्र) | दिनांक–02.03.2023, समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–02.03.2023, समयः अपराहन 2:00 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला, गुमटी, अस्थायी दुकान, इत्यादि– 1. 0–30 sqft- के लिए 10 रु 2. 30 sqft- से अधिक के लिए 20 रु |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

निविदा की शर्त्ते :–

1.डाक बन्दोबस्ती की अवधि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक होगी।
2.बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवदेन शुल्क की राशि प्रकाशन तिथि से कार्यालय अवधि में 5000 रु राशि जमा कर प्राप्ति रसीद या आवेदन के साथ डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जमा करना अनिवार्य होगा जो कार्यपालक पदाधिकारी के नाम से भुगतेय होगा।
3.आवेदन के पत्र के साथ अग्रधन की राशि डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी के नाम से भुगतेय होगा डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।
4.आवेदन के पत्र के साथ अधतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत), आई0 टी0 आर0, पैन कार्ड, आधार कार्ड समर्पित करना होगा। किसी भी प्रकार का बकाया रहने की स्थिति में आवेदन के पात्र नहीं होंगे।
5.डाकवक्ताओं की बोली में न्युनतम 5000.00 (पॉच हजार रुपये) का अन्तर अनिवार्य होगा।
6.अधिकतम डाकवक्ता की बोली गयी डाक की एकमुश्त राशि 3 (तीन) दिनों के अन्दर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के पदनाम से देय होगा, जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में चेक स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। 3 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद डाकवक्ता की अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं ऐसी सिथिति में द्वीतीय डाकवक्ता की बोली की राशि को सैरात आवंटित किया जा सकता है।
7.बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को शर्तों के अनुरुप एकरारनामा 7 दिनों के अन्दर दाखिल करना अनिवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् ही वसूली हेतु प्राधिकार निर्गत किया जायेगा। एकरारनामा का व्यय बन्दोबस्तधारी को ही करना होगा।
8.डाक स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के पास सुरक्षित होगा।
9.बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को आवंटित सैरात का निबंधन अनिवार्य रुप से कराना होगा।
10.कॉलम सं0 08 मे निर्धारित दर ही वसूल की जायेगी। अधिक दर वसूली की शिकायत पाये जाने पर बन्दोबस्तधारी पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।
11.विभाग से सैरात बन्दोबस्ती के संबंध में यदि कोई निर्देश प्राप्त होता है, तो डाक प्राप्तकर्ता को उन निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से करना होगा। पालन नहीं करने की स्थिति में नगर पंचायत हुसैनाबाद को डाक की राशि लौटाये बगैर डाक को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
12.हड़ताल/बन्दी के अवधि में राशि अथवा अवधि का सामंजन नहीं किया जायगा।
13.डाक की वसूल किये जाने वाले प्राप्ति रसीद बन्दोबस्तधारी को अपने स्तर से छपवाना होगा जिसपर नगर पंचायत हुसैनाबाद लिखवाना अनिवार्य होगा एवं कार्यालय से निर्गत कराना अनिवार्य होगा।
14.उपरोक्त सभी नियम एवं शर्त का पालन करना होगा। इस संबंध में आवेदन के साथ आवेदक को शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
15.कार्यालय के द्वारा निर्धारित दर पर ही वसूली करना अनिवार्य होगा, अधिक वसूली करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 291050 (District)22-23*D

## समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने बनवाए दर्जनों चापानल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने अपने वार्ड के अंदर खराब पड़े दर्जनों चापनलों की मरम्मत कराई। उन्होने बताया कि अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है और पानी की किल्लत से यहां की जनता परेशान है। हालांकि पेयजल की समस्या वार्ड 18 के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है जिससे यहां की जनता आए दिन रुबरु होती है। गौरतलब है कि यहां के स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद से भी चापनलों की मरम्मत कराने का आग्रह किया था किंतु कोई हल नहीं निकला। वहीं अब्दुल जब्बार ने बताया कि इस समस्या के निष्पादन हेतु वह कई बार नगर निगम में आवेदन दिए थे और अंततः आज मरम्मत का कार्य संपन्न हुआ जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। इस कार्य हेतु स्थानिय लोगों ने अब्दुल जब्बार का आभार प्रकट किया।

## एक सप्ताह के लिए एक्सटेंड हुआ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए एक्सटेंड किया गया है। यह दिशा निर्देश जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने आज सिविल सर्जन सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एमओआईसी के साथ ऑनलाइन मीटिंग के दौरान दिया। ऑनलाइन मीटिंग के दौरान उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी निजी विद्यालय एवं सरकारी विद्यालय के छात्रों, सिविल सर्जन को अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ को अभियान की सघन निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दवा खिलाते समय व्यवधान या परेशानी उत्पन्न करने वालों की सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। **19.43 लाख से अधिक ने किया 22 फरवरी तक फाइलेरिया की दवा का सेवन :-** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में 22 फरवरी तक 19 लाख 43 हजार 547 (73.49त्न) लोगों ने दवा का सेवन किया। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि 22 फरवरी तक 19 लाख 43 हजार 547 (73.49त्न) लोगों ने दवा का सेवन किया है। दवा का सेवन करने वालों में 10,14,895 पुरुष और 9,28,652 महिला शामिल है। वहीं बुधवार को 59 हज़ार 533 पुरुष और 51 हजार 542 महिलाओं को लेकर कुल एक लाख 11 हजार 75 लोगों ने दवा का सेवन किया। इसमें 1 से 19 वर्ष तक के 22075 व 19 वर्ष से ऊपर के 80845 लोग शामिल है। गोविंदपुर में 8155, टुंडी 5214, बाघमारा 24601, तोपचांची 6493, धनबाद 36067, झरिया 18517, निरसा 9145 व बलियापुर प्रखंड में 2883 लोगों को दवा खिलाई गई।

## जीटी रोड के तीन सीएचसी में रात में भी रहेंगे डॉक्टर : डॉ आलोक विश्वकर्मा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जीटी रोड (एनएचटू) पर जिले के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में रात में भी डॉक्टर रहेंगे। इसकी तैयारी में स्वास्थ्य विभाग जुटा है। जीटी रोड पर सड़क हादसे के शिकार लोगों को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था हो रही है। जीटी रोड के किनारे तोपचांची, गोविंदपुर और निरसा सीएचसी हैं। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के अनुसार इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। कुछ समस्याएं हैं, जिसे दूर कर इन केंद्रों को 24 घंटे चलाने की कोशिश हो रही है। विशेष फोकस यहां रात में डॉक्टरों की उपस्थिति पर है। बता दें कि जीटी रोड पर अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। हादसे के शिकार लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज की सुविधा नहीं मिलती है। उन्हें दुर्घटना स्थल से एसएनएमएमसीएच लाना पड़ता है, जिसमें काफी समय लगता है। यह समय मरीज के लिए काफी अहम होता है। कई बार मरीज घटनास्थल से एसएनएमएमसीच पहुंचने के दौरान रास्ते में दम तोड़ देता है। इस तरह की मौत को कम करने के लिए विभाग जीटी रोड के तीन सीएचसी को रात में भी चिकित्सीय दृष्टिकोण से सशक्त करने की तैयारी में है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर प्राथमिक इलाज मिल सके।

## रणविजय सिंह ने सात वर्षों से कुसुंडा कुष्ठ आश्रम में भिजवा रहे हैं सुखा राशन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुसुंडा जीवन ज्योति कुष्ठ आश्रम में बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह के सौजन्य से लगातार सात वर्षों से वहां के असहय लोगों के लिए सूखा राशन दिया जा रहा है।जिसके लिए आश्रम के मुखिया ने रणविजय सिंह का शुक्रिया अदा किया।मौके पर संतोष सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व मातृभाषा गौरव दिवस का आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विश्व मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतवर्ष के महान शिक्षाविद भारतेंदु हरिश्चंद्र, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, आचार्य विनोबा भावे, मुंशी प्रेमचंद, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम आदि महापुरुषों का चित्र लगाया गया एवं विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा एवं कार्यक्रम की आयोजिका द्वय निशा तिवारी एवं नमिता कुमारी ने पुष्प माला चढ़ाकर उनके प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विश्व मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर मैं भारतवर्ष के तमाम शिक्षाविद को नमन करता हूं जिनके चलते भारतवर्ष की भिन्न-भिन्न भाषाओं को विश्व में प्रमुखता मिली।

## झारखंड टाइल्स एंड मार्बल शॉप का उद्घाटन



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के थाना रोड स्थित केनरा बैंक के नजदीक झारखंड टाइल्स एंड मार्बल शॉप का किया गाय उद्घाटन। मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, जमुआ बिधायक केदार हाज़ार समेत अन्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया ।

## लाभुकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, पीएम आवास/बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास, पीएम कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन, आदर्श ग्राम योजना, रुर्बन मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं व अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का सभी प्रखंडों को ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर प्रारंभ करने व गति देकर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना/पीएम प्लस योजना/इंदिरा आवास योजना/अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने सभी प्रखंड के पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निदेश दिया गया। साथ ही बचे हुए योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को सप्ताह में एक बार प्रखंड भ्रमण कर योजना के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने का निदेश दिया। साथ ही जिले के सभी प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2016-22 में पूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जल्द से जल्द लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त योजना के तहत साथ ही नए आवासों को जल्द से जल्द स्वीकृत करें। साथ ही आवास योजनांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजन अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कार्यान्वित लाभुकों का पंजीकरण/मैपिंग करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, पशु शेड, खेल मैदान निर्माण कार्य की योजनावार समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्य के प्रगति की क्रम वार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। बैठक में उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, निदेशक, डीआरडीए, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## सांघवी ठाकुर को न्याय दिलाने की मांग को लेकर निकला कैंडल मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सांघवी ठाकुर को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। सांघवी ठाकुर उर्फ चारु के परिजनों के साथ कई संगठनों से बड़ी संख्या में लोग इस कैंडल मार्च में शामिल हुए।जस्टिस फॉर सांघवी का नारा बुलंद किया। सांघवी के मामा ने कहा कि घटना को सात दिन बीत चुके है बावजूद पुलिस अभीतक किसी नतीजे पर नही पहुंच सकी है। पुलिस केवल पूछताछ ही कर रही है।

इस मामले में त्वरित और कड़ी कार्रवाई कि मांग है। इस मामले में सीबीआइ जांच कि भी मांग की गई है।

## बर्डफ्लू से मचा हड़कंप : धनबाद में तेज हुआ पोल्ट्री फार्म का सर्वे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोकारो में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद झारखंड में हड़कंप मचा हुआ है। धनबाद में भी पोल्ट्री फार्म का सर्वे पशुपालन विभाग की ओर से तेज कर दिया गया है। जिला पशुपालन पदाधिकारी के निर्देश पर सभी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अपने-अपने इलाके में पोल्ट्री फार्म का सर्वे कर रहे हैं। पोल्ट्री फॉर्म में मुर्गियों की मरने की स्थिति समेत अन्य जानकारी ली जा रही है। इस व्यवसाय से जुड़े लोगों मे काफी मायुसी है। व्यापार मे लाखों का नुकसान हो रहा है।

## मोदी और अडानी की दोस्ती ने हिंदुस्तान की जनता को अंधकार में डाला : रशीद राजा अंसारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यकारी जिला अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और अदानी की दोस्ती ने हिंदुस्तान की 140 करोड़ जनता को अंधकार में डाला है। आगे राशिद राजा अंसारी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की देश में बढ़ती महंगाई, उच्त्तम बेरोजगारी और कुशासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए केंद्र सरकारके विभाजनकारी एजेंडा का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कांधे से कंधा मिला कर खड़ी है। एक जिममेवार विपक्षी दल होने के नाते हम भाजपाई सत्ता के मित्र पुंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट और प्रधानमंत्री से संबंध, इस मुद्दे पर अदानी महाघोटाले में हो रहे घोटालो से भी चिंतित है। इसीलिये हम सरकार को उनकी जिम्मेवारी से भागने की इजाजत नहीं दे सकते। आज ÷हम अडानी के हैं कौन÷ श्रृखला निर्देश के 23 प्रमुख शहरों में प्रेस वार्ता कर रहे हैं। हम जनना चाहते हैं कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जांच के लिए एक संयुक्त संसद समिति बनाने में क्यों डर रही है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद जो खुलासा पूरे देश में हुआ है और उसके खुलासे के बुरी तरह जो अडानी के शेयर में गिरावट मे है वह अदानी का नुकसान नहीं है बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का नुक्सान है। क्योंकि एलआईसी और एसबीआई में देश की जनता ने पैसा डाला था और उपयोग पैसे को सरकार की मिलिभगत से अदानी का शेयर ख़रीदा और शेयर बाज़ार में नुक्सान होते ही लोगों के लाखों करोड़ो रुपये डुब गए। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से योगेंद्र सिंह योगी, मंटू कुमार दास, सतपाल सिंह, बबलू दास, राजू दास अपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय स्काउटिंग आंदोलन के संस्थापकों का मनाया गया जन्मदिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारत स्काउट एंड गाइड धनबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्काउटिंग आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बैडेन पॉवेल का 166वां एवं उनकी धर्मपत्नी ओलेव बाडेन पॉवेल का 134वां जन्मदिवस मनाया गया। शुभ संयोग से दोनों का जन्मदिवस एक ही दिन है। गत माह 4 जनवरी 2023 से 10 जनवरी 2023 के बीच पाली, राजस्थान में 18वां राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन किया गया था, जिसमें धनबाद के बच्चों ने 14 गतिविधियों में भाग लेकर सभी 14 गतिविधियों में पुरस्कार प्राप्त किया। आज उन सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्काउट एवम गाइड, धनबाद के जिला मुख्य आयुक्त विवेक उपाध्याय एवं जिला आयुक्त (स्काउट) राजीव रंजन थे। इस अ वसर पर मुख्य अथितियों के अलावा जिला संगठन आयुक्त अजित कुमार, जिला सचिव डॉ. प्रशांत कुमार, जिला आयुक्त (गाइड) उर्वी मेहता, जिला कोषाध्यक्ष राम मनोज ठाकुर, प्रशिक्षक मोहित झा, सुप्रभा तिवारी, रंजीत सिंह के साथ साथ बच्चों के अभिवावक भी उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूर की मुम्बई में मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है।इसी क्रम में गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खांखी के मजदूर की मुम्बई के धारावी में बुधवार को आग की चपेट में आने से मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खांखी निवासी मुमताज अंसारो के 23 वर्षीय पुत्र इकबाल अंसारी की मुम्बई के धारावी में आग चपेट में आने से मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। वहीं गांव वाले भी शोक में हैं।मृतक इकबाल अंसारी मुम्बई में कपड़े सिलाई काम करता था। वह एक सप्ताह पूर्व 16 फरवरी 2023 को मुम्बई गया। मृतक अपने पीछे गर्भवती पत्नी तबससूम खातून, दो साल की मासूम बेटी नूझत प्रवीन छोड़ गया। इसकी सूचना मिलते ही प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले समाजसेवी सिकन्दर अली,पंचायत समीति प्रतिनिधि फारूक अंसारी मृतक के ससूराल चीनो पहुंचकर परिजनो का ढाढस बंधाया। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए परिवार सरकार एवं लोगो से मदद परिवार को मदद करने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।ऐसे में सरकार को रोज़गार के ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

## माले का तेजी से होगा विस्तार, पूर्णा नगर के बैठक में ग्रामीणों ने थामा माले का हाथ : राजेश सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्णानगर में माले ने बुधवार देर शाम को बैठक किया। वही गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा की अगुवाई में हुई बैठक दर्जनों ने माले ज्वाइन करने की बात कही।

माले के श्री रामपुर के सचिव सनातन साहू,माले नेता सोनू रवानी,राजू सिंह,मुन्ना साव, मजबुल मलिक और गिरिडीह टाउन के माले नेता उज्ज्वल साव भी बैठक में अपने अपने विचार को रखा।। बात चीत में पता चला कि पूर्णा नगर पंचायत,जसपुर पंचायत, श्री रामपुर पंचायत आदि में जमीन लूट की होड़ लगी हुई है,कोई देखने बोलने वाला नही है, माले इसपर लिखित रूप पर उच्च अधिकारी को और लोकल जनप्रतिंधि को लिखित आवेदन देगा माले,जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो माले जनता को लेकर आंदोलन करेगा। विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि भुक्तभोगी चंद्रमोहन राम का जमीन कुछ लोगो ने लूट लिया, घेर लिया है, प्रशासन को आवेदन दिया गया, गरीब का इस एरिया में कोई नहीं है, राजनीतिक पार्टी सिर्फ चुनाव तक ही जनता के साथ खड़ा रहता है, जनता को समझना जरूरी है,भाकपा माले पूरे गिरिडीह विधानसभा में हरेक बूथ पर पर बैठक कर संगठन बनाने का काम कर रहा है।

## होली के अवसर पर चलेंगी और 06 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से अब तक 18 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है ।

इसी क्रम में और 06 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

1. गाड़ी सं. 02191/02192 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर होली सुपरफास्ट स्पेषल - 02191 जबलपुर-दानापुर होली सुपरफास्ट स्पेषल 06 मार्च, 2023 को जबलपुर से 20.05 बजे खुलकर अगले दिन 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 02192 दानापुर-जबलपुर होली सुपरफास्ट स्पेषल 07 मार्च, 2023 को दानापुर से 11.30 बजे खुलकर देर रात्रि 00.10 बजे जबलपुर पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मनिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज ि छवकी, मिर्जापुर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेषनों पर रूकेगी ।

2. गाड़ी सं. 02155/02156 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमालपति होली सुपरफास्ट स्पेशल - 02155 रानी कमलापति (भोपाल)-दानापुर होली सुपरफास्ट स्पेशल 05 एवं 12 मार्च, 2023 को रानी कमलापति (भोपाल) से 14.20 बजे खुलकर अगले दिन 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 02156 दानापुर-रानी कमलापति (भोपाल) होली सुपरफास्ट स्पेषल 06 एवं 13 मार्च, 2023 को दानापुर से 11.30 बजे खुलकर अगले दिन 05.50 बजे रानी कमलापति (भोपाल) पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मनिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेषनों पर रूकेगी।

अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

## सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के मनियांडीह थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कनीय विद्युत अभियंता सन्नी कुमार बाड़ा के नेतृत्व में आज गुरूवार को बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसमें अवैध रूप से बिजली जलाने वाले सात लोग पकड़े गए सभी पर जुर्माना लगाया गया एवं मनियांडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बताया जाता है कि टुंडी बिजली विभाग इन दिनों बिजली चोरों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है इस अभियान से टुंडी बिजली विभाग को अच्छी सफलता भी मिल रही है आज के अवैध बिजली जलाने वालों में आदित्य दां मनियांडीह, मोहम्मद मोबिन अंसारी भोसकी, गणेश हांसदा नवाटांड प्रेम मंडल,चेतलाल मंडल,लखन मंडल खटजोरी, कुलेश्वर मंडल बागजोबरा आदि लोगों पर जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस अभियान में कनीय विद्युत अभियंता सन्नी कुमार बाड़ा, सहायक विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद, घनश्याम कुमार,मानव दिवस कर्मी चुनुकांत के अलावा मनियांडीह पुलिस भी मौके पर उपस्थित थीं।

## बीसीसीएल के नए डीपी होंगे मुरलीकृष्णन रमैया




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल दुर्गापुर स्टील प्लांट में महाप्रबंधक कार्मिक मुरलीकृष्णन रमैया बीसीसीएल के नए निदेशक कार्मिक होंगे। भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी किशोर कुमार ने कोल इंडिया चेयरमैन को पत्र जारी कर जानकारी दी। कोल इंडिया चेयरमैन के निर्देश पर मुख्य प्रबंधक सुरपुरेड्डी वी रवींद्रनाथ ने बीसीसीएल में पदस्थापन को लेकर पत्र जारी कर दिया है। रमैया ने दैनिक जागरण को बताया कि लंबित मामलों का निपटारा करना है। इस लिहाज से शुक्रवार को योगदान करने का प्लान है। कहा की कोल इंडिया की गाइडलाइन का बेहतर ढंग से पालन उनकी प्राथमिकताओं मे से एक है।

## अगवा हुई बच्ची मांग रही थी भीख, हुई मुक्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेलवे स्टेशन से दो फरवरी की सुबह लापता तीन साल की मासूम को अगवा कर उससे भीख मंगवाया जा रहा था। रेल पुलिस ने मासूम को चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन से बरामद किया। बच्ची को अगवा करनेवाले चंद्रपुरा निवासी कारू चौहान को भी गिरफ्तार किया गया। उसकी पत्नी फरार है। बरामद बच्ची प्रताड़ना के कारण जख्मी है। उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

## रोजगार सेवक के आवेदन पर महुदा पुलिस ने किया केस दर्ज

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पदुगोड़ा पंचायत के रोजगार सेवक मोसीम अख्तर ने महुदा थाना में एक लिखित शिकायत देकर कुलटांड़ बस्ती के जितेन्द्र कुमार राय, अकमल अंसारी, अहमद अंसारी एवं कलामुद्दीन अंसारी पर सरकारी काम में बाधा, गाली गलोज कर मारपिट करने का आरोप लगाया है। जिसपर महुदा पुलिस ने कांड संख्या 14 में मारपिट और रंगदारी माँगने का मामला दर्ज किया। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि सरकारी योजना के दीदी बाड़ी का जीयो टेक करने बुधवार की संध्या कुलटांड़ बस्ती के मुस्लिम टोला गये थे। उसी दौरान वे चारो लोग आये और मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली देने लगे। जब मैंने मना किया तो उनलोगों ने मेरा कॉलर पकड़कर मेरे साथ मारपिट करने लगे। तथा काम करने से रोका गया। उनलोंगो ने कहा कि बिना कमीशन दिये कोई काम नहीं होगा। अगर कार्य किया तो जान से मार देंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शिक्षा विभाग के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरूवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में ई-विद्यावाहिनी एप में शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति/इंट्री, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, बायोमैट्रिक में इंट्री, एचडीएमआईएस में इंट्री, पोशाक वितरण, पाठ्य पुस्तक का वितरण, स्कॉलरशिप की स्थिति, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन व रिक्त सीट,नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में बच्चों का नामांकन, शिक्षकों की नियुक्ति की स्थिति, विभिन्न मदों में आवंटन व व्यय की स्थिति आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन हेतु मार्च माह में बेहतर तरीके से प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा, कस्तूरबा विद्यालय प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## निंद्रा छोड़ो, दीवार जोड़ो कार्यक्रम का सढ़ावे पंचायत में हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 23 फरवरी गुरुवार को प्रखंड के सढावे पंचयात में पीएम आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की उपस्थिति में निद्रा छोड़ो, दीवार जोड़ो कार्यक्रम कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए लाभुको को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड पदाधिकारी, एवं जन प्रतिनिधियों के द्वारा पंचयात के खरता ग्राम के पीएम आवास अधूरे निर्माण कार्य के लाभुक सोमनाथ उराँव के अधूरे आवास मे ईट ढोकर, सीमेंट व बालू की कड़ाही उठाकर, दीवार जोड़कर चिरनिंद्रा मे सोये पीएम आवास के लाभुक को जगाने का पुरजोर प्रतीकात्मक प्रयास किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे प्रखंड के पदाधिकारी,एवं जन प्रतिनिधि जब घर से होता है सपना पूरा, क्यों रहता निर्माण अधूरा, निंद्रा छोड़ो, दीवार जोड़ों, की तख्तिया लिये लाभुको को शीघ्र निर्माण कार्य के लिए प्रेरित कर रहे थे। प्रविपदा श्री महतो ने कहा कि फरवरी माह मे सभी पंचयात को 1-1 आवास प्रतिदिन पुर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था, परंतु 22 दिन बीत जाने के बाद भी सढावे पंचायत के लाभुक निर्माण कार्य करने मे लक्ष्य के अनुरुप पीछे चल रहे हैं ।आवास निर्माण कार्य को शीघ्रतापूर्वक पुर्ण करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम कीया जा रहा है। प्रविपदा0 श्री महतो ने कहा कि आवास पूर्णता हेतु प्रखंड कार्यालय परिवार का यह प्रयास गिलहरी प्रयास है, फिर भी सभी के श्रमदान से यह गिलहरी प्रयास विपुल सागर पार करने में लक्ष्य के अनुरुप सफलता अवश्य ही मिलेगी।

## ससुर ने बहु के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाते हुए कराया प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गली गलौज एवं मारपीट कर सास को जख्मी करने का आरोप लगाते हुए ससुर ने बहु के विरुद्ध सेन्हा थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम में एक ही परिवार के बीच पैसा लेन देन का मामला में हुआ। विवाद के पश्चात बहु ने सास को मार जख्मी किया जिसे मामला सेन्हा थाना पहुंचा। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि अरु निवासी गफूर अंसारी के पुत्र उसमान अंसारी ने थाना को आवेदन देते हुए अवगत कराया कि रजीना खातून और उसके सौतन सगीरा खातून के बीच पैसा लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। जिसमें रजीना खातून अपने सास शाजहाँ खातून को धक्का देते हुए लकड़ी के बेट से मार कर सर फोड़ दिया और बांया हाथ तोड़ दिया। घटना के पश्चात उसमान अंसारी ने थाना में अर्जी देते हुए बहु रजीना खातून के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मामला का जांचोपरांत कांड संख्या 26/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 325 एवं 504 आईपीसी के तहत पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ की है।

## पूजा कुमारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लेकर बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला उद्योग महाप्रबंधक पूजा कुमारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र, लोहरदगा के सभाकक्ष में आज गुरूवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमपीएमई) संबंधित समीक्षात्मक बैठक बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखा प्रबंधकों के साथ हुई। बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित दोनों ही योजना की शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने एवं सहयोगात्मक रुख अपनाने का निर्देश सभी शाखा प्रबंधकों को दिया गया। साथ ही,कहा गया कि दोनों योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं को किसी भी स्थिति में अस्वीकृत नहीं किया जाय। बैठक में सभी शाखा प्रबंधकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की गई। आज की बैठक में उद्योग विस्तार पदाधिकारी,ईओडीबी प्रबंधक, लोहरदगा जिला के पेशरार को छोड़ बैंक ऑफ इंडिया के सभी शाखा प्रबंधक एवं जिला उद्यमी समन्वयक उपस्थित थे।

## आत्मा परियोजना ने किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को जिला कृषि विभाग व आत्मा परियोजना के तत्वावधान में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भंडरा प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, जिला सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार सीओ दिनेश प्रसाद, गुप्ता व 20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में किसानों द्वारा खेती संबंधित लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित कर रही है। इसका लाभ लेते हुए किसान अपने आर्थिक स्थिति को सुधार सकते है। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा अनुदानित मूल्य पर दी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। भंडरा प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि किसानों को सरकार उच्चतम क्वालिटी के बीज के साथ-साथ अनुदानित मूल्य पर सिंचाई की व्यवस्था दे रही है। इसका लाभ लेकर किसान अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं।जिला से आए सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार ने बताया कि किसान खेती करने पूर्व अपने खेत की मिट्टी की गुणवत्ता जांच कराए और जैविक खाद का इस्तेमाल अवस्य करें। मौके पर बीटीएम अजय कुमार, एटीएम विजय कुमार, दिनेश कुमार, कुलदीप ओहदार, दिनेश चंद्र, सुदामा प्रसाद गुप्ता, जलेश्वर महतो, सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे दोनो वाहन चालक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु में नेतरहाट ढाबा के समीप देर रात गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर भीषण सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे दोनो ट्रक के चालक घटना में बॉक्साइड ट्रक का उड़ा परखच्चा कोई हताहत नहीं। बताया जाता है। कि घाघरा के तरफ से बॉक्साइड लोडडे ट्रक जे एच 20 ए 1996 के चालक लापरवाही एवं तेज रफ्तार से लोहरदगा के ओर जा रहा था। जिसे ट्रक चालक का नियंत्रण ट्रक से हटते ही पेड़ को टक्कर मारते हुए लोहरदगा की ओर से आ रही हाइवा में जा टकराया जिसमें बॉक्साइड ट्रक का परखच्चे उड़ गया। घटना के उपरांत हाइवा के चालक कुलदीप सिंह ने कहा कि मैं उत्तराखंड रुद्रपुर से उड़ीसा जा रहा था। कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक पेड़ को टक्कर मारा और चालक गाड़ी से कूद कर भाग निकला और मेरे अप्लाई फोर वाहन में टक्कर मार दिया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बॉक्साइड ट्रक चालकों की लापरवाही आए दिन देखने को मिल रहा है। लोकल ट्रक चालक अधिकतर शराब के सेवन कर लापरवाही से गाड़ी चलाते जिस पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट नही होता होता है। सड़क दुर्घटना की सूचना पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर पु0आ0नि0 शर्मा भगत दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की तहिकात में जुट गए वहीं क्षतिग्रस्त बॉक्साइड ट्रक एवं हाइवा को जप्त करते हुए दोनों गाड़ी को थाना में रक्षित रखा गया है। साथ ही पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## पवन खेड़ा को गिरफ्तार करना, केंद्र सरकार का तानाशाह कार्रवाई : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी का 85 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 24 से 26 फरवरी को छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में भाग लेने हेतु कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा नई दिल्ली से इंडिगो विमान से रायपुर जा रहे थे कि केंद्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें विमान से उतार कर गिरफ्तार कर लिया। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पवन खेड़ा को बिना जुर्म बताए बिना वारंट के उन्हें गिरफ्तार किया गया है जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। केंद्र सरकार के इशारे पर की गई इस कार्रवाई से पूरे देश के कांग्रेस जन आक्रोशित है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से भाजपा गड़बड़ा गई है इसे विफल करने का प्रयास कर रही है लेकिन कांग्रेस और मजबूती के साथ उभरेगी। श्री साहू ने कहा कि देश में ऐसी घटना पहली बार हुआ है कि किसी नेता को प्लेन से उतार कर उसे गिरफ्तार किया गया है। अलोकतांत्रिक और तानाशाह कारवाई के लिए भाजपा को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं देश की जनता का दंश झेलना होगा।

## किसान खेत पाठशाला में किसान सीख रहें हैं आईपीएम तकनीक से खेती करना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के जमगाई गांव में एकीकृत नशीजीव प्रबंधन केंद्र राँची के द्वारा किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत किसानों को विभिन्न यांत्रिक एवम जैविक विधियों द्वारा काम लागत में ज्यादा पैदावार के बारे जानकारी दी जा रही है।यह किसान खेत पाठशाला सहायक वनस्पति अधिकारी सुश्री प्यारी संगा के द्वारा संचालित किया जा रहा है। वहीं ग्राम भीठा में भी किसान खेत पाठशाला चल रहा है जिसमे किसानों को प्रभारी अधिकारी वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रीति कुमारी एवम सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. गीता एस. के द्वारा मानव स्वास्थ्य में कीटनाशकों के अवशेषों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे जानकारी दिया गया।

## स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर 11 सौ महिलाएं हो रही हैं लाभान्वित : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय लेवलीहुड समिति का बैठक गुरुवार को संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में 11 सौ से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े हुए हैं। और स्वरोजगार अपना कर आगे बढ़ रहें है जिसमें लगभग सभी 11 सौ महिला लखपति की श्रेणी में आ चुके हैं। इस तरह की आंकड़ा जेएसएलपीएस एवं महिला स्वयं सहायता समूह से मिला है। महिलाए आर्थिक क्षेत्र में आगे आ रहीं है। अच्छी बात है उन्होंने कहा कि अन्य महिलाओं को भी लखपति महिलाओं की श्रेणी में चिन्हित करते हुए लाए और उनकी रोजगार उत्पादन आदि का निगरानी करते हुए उनको और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने की दिशा में हर संभव प्रयास करें। मासिक बैठक में उनको आय अर्जित करने की विधि का व्यापक जानकारी दें। ताकि अन्य महिला भी लखपति की श्रेणी में पहुंचकर सबल एवं स्वालंबी बन सके इसके अलावा इन महिलाओं का कार्यक्षेत्र की जानकारी लेते हुए इन लोगों को कार्य के लिये प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस पर विशेषकर सीएफटी के सदस्यों द्वारा जागरूकता चलाने की जरूरत है। इस समिति में जितने भी सदस्य हैं सबका दायित्व बनता है। कि महिलाओं को आगे लाने में उनकी कार्य क्षमता की निगरानी करते हुए उसकी कार्य क्षेत्र के उत्पादक क्षमता को बढ़ाएं और ऋण दिलाने में सहयोग करें।

## उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भूमि संरक्षण विभाग के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज भूमि संरक्षण विभाग की बैठक हुई। बैठक में राज्य योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषकों, महिला/सहायता समूहों को कृषि यंत्रों के वितरण हेतु विभिन्न प्रखण्डों से प्राप्त पम्प सेट व मिनी ट्रैक्टर के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों की संख्या समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 1.5 एचपी-3.00 एचपी पम्प सेट तक का लक्ष्य पूर्ण पाया गया। वहीं 3.5 एचपी-5.00 एचपी तक पम्प सेट योजना में 12 पम्प सेट टाना भगतों को दिये जाने का निदेश दिया गया। वहीं मिनी ट्रैक्टर की योजना में स्वयं सहायता समूहों 03 योजना का लाभ टाना भगत समुदाय के स्वयं सहायता समूह को दिये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार मिनी ट्रैक्टर के व्यक्तिगत योजना में 05 योजना का लाभ टाना भगतों को दिये जाने का निदेश दिया गया। टाना भगतों की ओर से चुकायी जानेवाली राशि टाना भगत विकास प्राधिकार से मांग किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में भूमि संरक्षण पदाधिकारी रामशंकर प्रसाद सिंह,जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी ए0बी0 क्रांति, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन समेत अन्य उपस्थित थे।

## बिना हेलमेट के बाइक चालकों को पुलिस ने फूल देकर किया स्वागत



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना के समीप सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान चार बाइक चालकों को फूल देते हुए हेलमेट पहने कर बाइक चलाने का चेतवनी दिया गया। बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार वाहन जाँच चलाया जा रहा है। जाँच के दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चलाकों को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहने कर बाइक चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। वही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बढ़ते दुर्घटना का रोक थाम के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर बाइक चालक नियम का पालन नही करते हैं। परिवहन अधिनियम के तहत कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर स0आ0नि0 पवन सोरेन ने शस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## हिंडेनबर्ग मामले में जनता को गुमराह कर अडानी को बचाने में लगी है मोदी : सुखैर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में हिंडेनबर्ग जांच रिपोर्ट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। प्रेस को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सुखैर भगत ने बताया की केंद्र में बैठी भाजपा सरकार अपने मित्र गौतम अडानी को बचाने में लगी है और देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है साथ ही यह भी बताया कि वर्षो से प्रधानमंत्री मोदी ने ईडी, सीबीआई और DRI (खुफ़िया राजस्व निदेशालय जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने राजनीतिक या सैद्धांतिक प्रतिद्वंदियों को डराने-धमकाने के लिए किया है,साथ ही उन व्यापारिक घरानों को दंडित करने के लिए भी किया है जो उनके पूंजीपति मित्रों के वित्तीय हितों के अनुरूप नहीं हैं। 1992 में हर्षद मेहता मामले की जांच के लिए एक जेपीसी का गठन हुआ था जबकि 2001 में एक जेपीसी ने केतन पारेख मामले की जांच की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी, दोनों को करोड़ों भारतीय निवेशकों को प्रभावित करने वाले घोटालों की जाँच के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों पर विश्वास और भरोसा था। प्रधानमंत्री मोदी को किस बात का डर है क्या उनके अधीन एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष जाँच की कोई उम्मीद है। जब यह धोखाधड़ी हो रही थी तो सेबी (SEBI) क्या कर रहा था। अडानी समूह के खिलाफ़ स्टॉक में हेरफेर के आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद शेयरों की कीमतों में गिरावट से उन लाखों निवेशकों को नुकसान पहुँचा जिन्होंने कृत्रिम रूप से बढ़ी हुई कीमतों पर अडानी समूह के शेयरों में निवेश किया था। 24 जनवरी और 15 फरवरी 2023 के बीच अडानी समूह के शेयरों के मूल्य में 10,50,000 करोड़ रु.की गिरावट आई। 19 जुलाई 2021 को वित्त मंत्रालय ने संसद में स्वीकार किया था कि अडानी समूह सेबी के नियमों का उल्लंघन करने के लिए जॉच के दायरे में है। फिर भी अडानी समूह के शेयरों की कीमतों में उछाल आने दिया गया।

# पिरामल फाउंडेशन ने गांधी फेलोशिप प्रचार दिवस का किया अयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गांधी फैलोशिप के प्रचार लिए सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में पीरामल फाउंडेशन की प्रोग्राम मैनेजर स्मिता राउथ की नेतृत्व मे अर्नब कुमार साउ ने किया कार्यक्रम का अयोजन। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला शिक्षा अनुमंडल पदाधिकारी बादल राज उपस्तित थे। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि जंहा हम नहीं पहुंच सकतें वहाँ गांधी फैलो पहुंच रहे हैं, समाज कल्याण का काम कर रहे है। उन्होंने और बताया कि मैं पिछले आठ महीने गांधी फैलो के साथ काम कर रहा हूं और इनके समर्पण मैं कोई कमी नहीं दिखी, समुदाय की वास्तविक हकीकत और उसमे कीए जाने वाले स्थिति का पता अधिकतर मुझे इनसे ही पता चलता है। ये हर एक समस्या का समाधान भी साथ लेकर आते है और हमारे साथ मिलकर उनके ऊपर काम करते हैं और देश की सेवा में समर्पित है। सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के प्रधान अध्यापक रेव डॉ एफ़्रेम बा, एसजे ने पिरामल फाउंडेशन की इस प्रयास की तारिफ करते हुए कहा की, हम हमारे स्टूडेंट्स को गांधी फेलो बनते हुए देखना चाहते हैं। सभी फाइनल ईयर स्टूडेंट्स ने गांधी फेलो बनने के लिये आग्रह दिखाया, रजिस्ट्रेशन के बारे में सवाल पूछा। कैवल्य एडूकेशन फाउंडेशन की प्रोग्राम मैनेजर स्मिता राउथ ने स्टूडेंट्स के सभी सवाल का जबाब दिया। गांधी फैलोशिप परिवर्तन नेतृत्व में एक अनुभवात्मक 2 वर्षीय आवासीय फेलोशिप कोर्स है। पिछले 10 वर्षो से, गांधी फैलोशिप ने युवा महिलाओं और पुरुषों को खुद को बदलाव के नेताओं के रूप में तैयार करने के लिए सशक्त बनाया है, जो बड़े पैमाने पर सामाजिक और सार्वजनिक व्यवस्था में बदलाव करते हैं, जहां प्रत्येक साथी स्वयं का निर्माण, राष्ट्र का निर्माण के दर्शन से प्रेरित होता है। कार्यक्रम को समाज में स्थायी परिवर्तन लाने के लिए किसी की उद्यमशीलता की सोच और नेतृत्व कौशल को सामने लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रचार दिवस कार्यक्रम मे पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर प्रियांका, गांधी फेलो अर्नब कुमार साउ, चंद्रसिंह, अंजली सिंह, भाग्या चौधरी और बालाजी आदि मौजुद थे।

## डीएफओ के निर्देश पर वन अधिकारियों ने गांव गांव जाकर हाथियों से बचने हेतु किया प्रचार प्रसार, साथ ही बांटे पम्पलेट



**सिमडेगा प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत दिनों लोहरदगा एवं इटकी में जंगली हाथी द्वारा जान माल की क्षति को देखते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता के निर्देश पर वन प्रक्षेत्र कोलेबिरा के अंतर्गत आने वाले गांवों में वन अधिकारियों ने हाथी से बचाव करने की जानकारी एवं तरीकों को लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया। वन परिसर पदाधिकारी हेमंत ने बताया कि ध्वनि विस्तारित यंत्र एवं पर्ची बांटकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है । साथ ही ग्रामीणों को हाथी से बचने के तौर तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है ,जिसमे हाथी के आने पर क्या करें एवं क्या नही करें आदि मुख्य बातें शामिल है।ज्ञात हो कि प्रखंड के कई क्षेत्रों में हाथी विचरण करते हुए गांवों में प्रवेश कर जाते हैं एवं जानमाल की क्षति करते हैं जिससे बचाव हेतु वन विभाग भी लगातार जागरूकता अभियान चलाती है। लोगों को जागरूक करने के इस अभियान में उप परिसर पदाधिकारी नीतीश कुमार, सतेंद्र बड़ाईक, प्रदीप कुल्लू की उपस्थिति रही।

## चलते चलते एक नजर

### केनरा बैंक ने ग्राहक सम्पर्क कार्यक्रम किया आयोजित

**रांची।** केनरा बैंक द्वारा होटल बीएनआर चाणक्य राँची में एक एमएसएमई ग्राहक सम्पर्क कार्यक्रम÷ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें 125 से अधिक मौजूदा और संभावित ग्राहकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राँची अंचल के महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख, हितेश गोयल और प्रधान कार्यालय के पर्यवेक्षी महाप्रबंधक मनोज कुमार दास सहित अन्य उपस्थित थे। इस आयोजन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देना और बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं और उत्पादों के बारे में ग्राहकों के बीच जागरूकता पैदा करना है। इस आयोजन ने ग्राहकों को बैंक अधिकारियों के साथ बातचीत करने और एमएसएमई योजनाओं के लाभों को समझने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर मनोज कुमार दास ने कहा, हम एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन करने और ग्राहकों को अपने सर्वोत्तम सेवाएं और उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन ग्राहकों के बीच जागरूकता पैदा करने और एमएसएमई क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों का एक हिस्सा है।

### लालू यादव मामले में सुनवाई चार सप्ताह बाद

**रांची :** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद निर्धारित की है.

### ढुल्लू महतो की जामनत अर्जी पर हुई सुनवाई

**रांची :** भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है. अब अदालत ढुल्लू महतो की बेल पर मंगलवार को सुनवाई करेगा. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में ढुल्लू महतो की जामनत अर्जी पर सुनवाई हुई. ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने अदालत में पक्ष रखा.

### महिला से बाइकसवार अपराधियों ने छीने दो लाख, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** नामकुम चौक स्थित एसबीआई बैंक से पैसे निकालकर अपने घर जा रही महिला से पल्सर पर सवार दो अपराधियों ने दो लाख रुपये छिनकर फरार हो गये। इस संबंध में महिला विश्वासी टोपनों ने नामकुम थाने में दो अज्ञात बाइक सवार अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के आरा बड़ाम निवासी विश्वासी टोपनो अपने पुत्र के साथ एसबीआई बैंक से पैसे निकालने आयी थी। पैसे निकालकर वह थैले में रखी थी। इसी दौरान उनका पुत्र सड़क के दूसरी ओर संतरा लेने चला गया। वह भी पीछे से सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पैसे से भरा थैला छिनकर फरार हो गये। महिला ने बताया कि वह घर बनाने के लिए पैसे निकालने आई थी ।

# मेयर ने मंत्री पर उठाया सवाल, हमलावर हुआ झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सत्तारुढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को कटघरे में खड़ा किया है। महापौर ने पानी और लीज नवीकरण मामले पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पत्र लिख कर उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाने की कोशिश की है। महापौर का सीधा कहना है कि ये दोनों ही मुद्दे मेदिनीनगर की प्रमुख समस्याएं हैं। लेकिन मंत्री श्री ठाकुर के सरकार में पलामू का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद अब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। महापौर के हवाले से मीडिया में यह खबर आते ही झामुमो की जिला कार्यसमिति महापौर पर हमलावर होती दिखाई पड़ रही है। जिला कार्यालय में जिला सचिव सानू सिद्दीकी, निगम के विपक्ष दीपक तिवारी, युवा नेता अभिषेक सिंह, झामुमो नेता छोटू त्रिपाठी की मौजूदगी में प्रेसवार्ता कर पलामू झामुमो ने बताया कि पेयजल संकट और खासमहाल लीज नवीकरण का मामला आज का नहीं है। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर और राज्य की वर्तमान सरकार पूरी तरह गंभीर है। लेकिन सवाल यह है कि महापौर को इन दोनों समस्याओं की याद चुनावी वर्ष में ही क्यों आ रही है। जब राज्य में उनकी पार्टी भाजपा की सरकार थी तो उन्होंने इन दोनों मुद्दों को सरकार के स्तर पर उठाने की कोशिश क्यों नहीं की। झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने आरोप लगाया कि महापौर निगम के हित में





कोई काम नहीं करना चाहती। बल्कि इन मुद्दों पर पिछले पांच वर्षो से सिर्फ और सिर्फ राजनीति कर रही है। और निगम क्षेत्र की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर महापौर इन समस्याओं से चिंतित होती तो राज्य की रघुवर सरकार के कार्यकाल के दौरान समाधान खोजने की कोशिश करतीं। लेकिन उस समय वह इन मुद्दों पर खामोश रहीं। आज जब राज्य में झामुमो नीत गठबंधन की सरकार है तो निगम क्षेत्र की जनता को गुमराह कर निगम क्षेत्र की जनता की सहानुभूति बटोरने की प्रयास कर रही हैं। लेकिन उन्हें यह जानकारी होनी चाहिए कि जनता सब जानती है। दीपक तिवारी ने कहा कि मेदिनीनगर में लीज नवीकरण का मामला हो या फिर पेयजल संकट से लोगों को निजात दिलाने का, इन दोनों समस्याओं का समाधान भी राज्य की हेमंत सरकार ही करेगी।

### आग लगी है तो जलनी चाहिए : महापौर



**मेदिनीनगर :** मेरे सीने में ना सही तेरे सीने में ही सही, आग लगी है तो जलनी चाहिए द्य महापौर ने कहा कि मंत्री जी आपसे बहुत उम्मीद है। लोगों के बयानबाजी की जगह दोनों मुद्दों पर आप बैठक कर नगर निगम की समस्या का निराकरण कर यहां के लोगों को राहत दें। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करना सरकार का दायित्व है। साथ ही खासमहाल लीज नवीनीकरण का मामला भी काफी पुराना है। इसलिए इन दोनों मामले को निपटाना आपका यानी झारखंड सरकार का दायित्व है।

# सहायक अवर निरीक्षक के निधन पर राजभवन में शोक सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज भवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें विशेष शाखा से राज भवन में प्रतिनियुक्त सहायक अवर निरीक्षक सतीश कुमार प्रसाद के असामयिक निधन पर गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा में कहा गया कि सतीश कुमार प्रसाद के निधन से हमने एक कुशल, मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कर्मी को खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी सहित राजभवन के अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल कल होगा पूरा,दीपक प्रकाश ही पहली पसंद

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची ।** झारखंड भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का कार्यकाल 25 फरवरी 2023 शनिवार को पूरा हो जाएगा। इसी के साथ झारखंड भाजपा की बागडोर किसके हाथ में होगी इसके लिए मंथन जारी है,हालांकि एक महीना पहले पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी नाम चर्चा में था,लेकिन भाजपा के अंदर खेमे में बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाये जाने की सुगबुगाहट को देखते हुए मरांडी प्रदेश अध्यक्ष बनने से इंकार करने की सूचना है। अब लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के नाम की चर्चा जोरों पर है। साथ ही भाजपा



यह भी देख रही है कि 2024 में झारखंड में बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाएं। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष का मजबूत होने के साथ साथ सभी बूथों और कार्यकर्ताओं की जानकारी रखना बहुत ही जरूरी है। समय कम है,ऐसे में भाजपा कशमकश की स्थिति में है, कि यदि वह दीपक प्रकाश हटा दिये जाते हैं, तो पार्टी को फिर से नये तरीके से संगठन बनाने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

वहीं दीपक प्रकाश का गुट नए प्रदेश अध्यक्ष को किस तरह से स्वीकार करेगा और पार्टी को कैसे सहयोग प्रदान करेगा यह भी अपने आप में चर्चा का विषय बन गया है । वहीं सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू भाजपा को नये सिरे से कितना दूर तक ले जायेंगे, यह भी सोचने वाली बात है। वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मानें तो जिस तरह से केंद्र में जेपी नड्डा को ही 2024 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, तो यह कयास भी लगाया जा रहा है, कि झारखंड में भी कोई बदलाव ना करके प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को ही पुनः जिम्मेदारी दी जा सकती है। हालांकि भाजपा के कई बड़े नेता, विधायक, सांसदों से बात हुई उन्होंने कहा कि दिल्ली ही सबकुछ करती है।

# वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गढ़वा में धूमधाम से 51 बेटियों की आज होगी शादी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आज वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गढ़वा में सुधीर भैया के आशीर्वाद एवं नेतृत्व में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवन राम सामूहिक विवाह 2023 में सम्मलित सभी 51 बेटियो की डोली डेंटल कॉलेज से उठेगी। सामूहिक विवाह के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा 51 बेटियो का कन्यादान किया जायेगा। विवाह की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। विवाह हेतु वैसे वर व वधुओ का चुनाव किया गया है। जो शादी तो करना चाहते है पर दहेज देने और विवाह का खर्च उठाने में समर्थ नहीं है वैसे असहाय,गरीब तथा अशक्त बेटियों का विवाह का पूर्ण खर्च वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, गढ़वा उठाएगा। वर्ष 2011 से अब तक ट्रस्ट द्वारा 751 बेटियों का कन्यादान किया जा चूका है। वे सभी अपना खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे है। पिछले कुछ वर्षो से करोना



महामारी के कारण ट्रस्ट द्वारा डेंटल कॉलेज परिसर में विवाह संपन्न नहीं कराया जा सका था। जिसका खेद विवाह समिति को है। सामूहिक विवाह का प्रारंभ सुबह 7 बजे से परम पूज्य अघोरेश्वर भगवन रामजी के पूजा अर्चना के उपरांत आदरणीय सुधीर भैया जी के आशीर्वाद एवं नेतृत्व में किया जायेगा। विवाह पुरे रीतिरिवाज से वाराणसी से आये प्रकांड पंडितो द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। विवाह में सभी 51 बेटियो को उपहार स्वरुप भैया जी द्वारा नए जीवन के सुरुआत हेतु आवश्यक सामन भेंट की जाएगी, जिसमे पलंग, गद्दा, तकिया, कुर्सी, टेबल, साइकिल, बर्तन सेट जिसमे 114 प्रकार के सामान है, हाथ घडी वर वधु, जूता, चप्पल, वैनिटी बॉक्स, ट्रंक, पंखा, चटाई, साड़ी, शर्ट पेंट इत्यादि भेंट स्वरुप सभी नवविवाहित जोड़ो को दी जाएगी। विवाह को सफलीभूत करने के लिए सामूहिक विवाह के सदस्य पिछले तीन महीने से लगे हुए है। इस सामूहिक विवाह में समिति के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, पवन कुमार, रंधीर सिंह, धीरज कुमार सिंह, कृपा शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रवीन कुमार, राकेश कुमार, डॉ अजित कुमार सिन्हा, रामप्रवेश सिंह इत्यादि ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

### तमिलनाडु में भाजपा के 3500 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर

**चेन्नई :** सेना के एक जवान की हत्या का विरोध करना भाजपा कार्यकर्ताओं को महंगा पड़ा है। तमिलनाडु पुलिस ने बिना अनुमति के कैंडल मार्च निकालने पर भाजपा के 3500 कार्यकर्ताओं के विरुद्ध आईपीसी की धारा 143, 151 और 41(6) के तहत एफआईआर दर्ज की है। चेन्नई पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। विगत 08 फरवरी को चेन्नई के पोचमपल्ली इलाके में एक पानी की टंकी के पास डीएमके नेता चिन्ना स्वामी के परिवार की कपड़े धोने को लेकर थलसेना में बतौर सैनिक सेवारत प्रभू के परिवार से गरमा-गरम बहस हुई। इस झगड़े के बाद डीएमके नेता चिन्ना स्वामी ने अपने साथियों के साथ प्रभू के परिवार पर हमला बोल दिया। इस हमले में प्रभू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां 14 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पांकी : स्थानीय प्रशासन एकतरफा कार्रवाई ना करें : प्रवीण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने पाकी में हुई सांप्रदायिक हिंसा के लिए राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रही है जिससे वहां के लोग भयभीत है। 15 फरवरी जिस दिन घटना घटी है उस दिन सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में कार्यरत कर्मियों सहित हरियाणा एवं अन्य राज्यो में गए कामगारों पर भी मुकदमा दर्ज कर उनके परिवार वालों को परेशान किया जा रहा है जो दुखद है। पाकी दौरे के क्रम में स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी लिया हूं फिर पलामू आई जी एवं एसपी को बताया हूं कि घटना में शामिल आरोपियों की जगह बेवजह सीधे-साधे ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है जो गलत है। एसपी एवं आईजी ने आश्वस्त किया



है कि वह इसकी जांच कराएंगे। परंतु विगत दिन पाकी की घटना मानवता के लिए शर्मसार करने वाली है राज्य में तुष्टीकरण वोट बैंक की राजनीति के कारण अराजकता का माहौल है विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है आमजन अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह फेल हो चुका है और आमलोगों का इनके प्रति विश्वास कम हो गया है। पूरे राज्य में अपराधी गुंडा माफिया सरकार के संरक्षण में हावी होते जा रहे हैं। पाकी की घटना निंदनीय है सभ्य समाज में अपराधिक हिंसा का कोई स्थान नहीं है। जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि 15 फरवरी को पाकी में हुई हिंसक घटना की खानापूर्ति ना कर निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कानून संपत कार्रवाई करें एवं निर्दोष लोगों जांचोपरांत को बरी करें। प्रेस वार्ता में अखिलेश तिवारी अविनाश वर्मा प्रभात भुईयां सुधीर सिंह रिंकू सिंह कुश ओझा मुरारी पांडे शिवकुमार मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# जटिल रोगों के इलाज का हब बना गढ़वा का क्लीनिक ऑन स्क्रीन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला भले ही झारखंड का पिछड़ा जिला है। परंतु समाजसेवा के धुनी बाबू शक्ति सिंह का एक छोटा सा प्रयास गढ़वा को जटिल रोगों के इलाज का हब बना दिया। एनआरआई बाबू शक्ति सिंह ने कोरोना से लड़ रही मानवता की सेवा के लिए गढ़वा जैसे छोटे स्थान पर जटिल रोगों के इलाज के विकल्प के रूप में क्लिनिक ऑन स्क्रीन की स्थापना की। गढ़वा जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित इस क्लिनिक का आगाज चर्म रोग और न्यूरो रोग के इलाज के साथ हुआ। झारखण्ड में मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र कुमार एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन अपना बहुमूल्य समय माह में एक बार गढ़वा के क्लिनिक ऑन स्क्रीन में देने लगे। बाद में पेट, गैस, आंत एवं लिवर रोग के सुपर स्पेशलिस्ट पारस हॉस्पिटल के कॉसल्टेंट डॉ आदित्य वर्द्धन सिंह भी क्लिनिक ऑन स्क्रीन से जुड़ गए। वह भी माह में एक दिन गढ़वा आने लगे। इसी 25 फरवरी को वह अपने निर्धारित तिथि को गढ़वा में मरीजों का इलाज करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लम्बी छलांग लगते हुए क्लिनिक ऑन स्क्रीन ने किडनी, पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ शैलेन्द्र मोहन शुक्ला को गढ़वा में आमंत्रित किया है। एमबीबीएस एवं जेनेरल सर्जरी में एमएस डॉ शुक्ला जीएमसी त्रिवेंद्रम, केरल से अनुभव प्राप्त मूत्र विशेषज्ञ हैं। अब उनका समय माह में एक दिन गढ़वा को मिलेगा। वह इसी 26 फरवरी को क्लिनिक ऑन स्क्रीन में मरीजों का इलाज करेंगे। इसी तरह डायविटीज, थायराइड, पीसीओडी, बांझपन रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ अंगद कुमार भी क्लिनिक ऑन स्क्रीन से जुड़ गए हैं। वह भी इसी 26 फरवरी को क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। एमबीबीएस गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अंगद इंटरनल मेडिसिन में एम.डी और इंडोक्रिनोलॉजी में डी.एम हैं।

### कला भाषाई विविधता और क्षेत्रीय विशेषताओं को एक सूत्र में बांधती है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली:** राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि हमारी भाषाओं की विविधता और क्षेत्रों की विशेषताओं को हमारी कलाएं एक सूत्र में जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कलाएं भारत की सॉप्ट-पावर का भी सर्वोत्तम उदाहरण हैं। राष्टपति आज नई दिल्ली में वर्ष 2019, 2020 और 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी की फैलोशिप (अकादमी रत्न) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (अकादमी पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्टपति ने कहा कि सभ्यता किसी राष्ट की भौतिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करती है, लेकिन अमूर्त विरासत उसकी संस्कृति के माध्यम से प्रकट होती है। संस्कृति ही देश की असली पहचान होती है। भारत की अनूठी प्रदर्शन कलाओं ने सदियों से हमारी अतुल्य संस्कृति को जीवित रखा है।

# ईचागढ़ में भीषण सड़क दुघर्टना से 8 घायल, एक बच्ची की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** थाना क्षेत्र के चुनचुडीया मोड़ के पेट्रोल पंप के पास शाम करीब पांच बजे एक भीषण सड़क दुघर्टना में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के करीब आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार तेज रफ्तार से तिरुलडीह से मिलन चौक की ओर से आ रही एक अनियंत्रित ट्रक ट्रेलर ने पहले बामनडीह में एक व्यक्ति को धक्का मारकर मिलन चौक होते हुए रांगामाटी भागने लगा। भागने के क्रम में चुनचुडीया में डुमरा से पातकुम जा रहे सवारी ऑटो को पीछे से जाकर धक्का मारा। जिससे ऑटो का परखच्चे उड़ गया। इसी क्रम सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले मिलन चौक स्थित माधूरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण बेहतर इलाज हेतु मुरी स्थित सिंहपुर नर्सिंग होम में आठ लोगों को भेजा गया।



सभी गंभीर रूप से घायल डुमरा गांव निवासी बताए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायलों में आठ बर्षीय पुनम कुमारी, विमला देवी 36 वर्ष, कमलाकांत प्रमाणिक 40 वर्ष, हलधर प्रमाणिक 12 वर्ष, दिपाली प्रमाणिक 16 वर्ष,अलका प्रमाणिक 35,कल्पना प्रमाणिक 16 वर्ष है। वहीं ऑटो काफी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल पुनम कुमारी 8 वर्ष की सिंहपुर नर्सिंग होम में इलाज के क्रम में मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल मीला प्रमाणिक एवं आलोका प्रमाणिक को बेहतर इलाज हेतु रिम्स भेजा गया। थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि तेज रफ्तार टेलर ने सभी ऑटो सवार को अपने चपेट में लिया है। उन्होंने कहा कि उक्त ट्रेलर को डुमटांड मोड़ पर ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया गया है। वहीं सुचना मिलते ही ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने सिंहपुर नर्सिंग होम प्रबंधन को दूरभाष में बात कर उचित चिकित्सा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं घायल के परिजनों ने बताया कि एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल है।